आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 86 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, सोमवार, 31 मार्च, 2025

## बिलासपुर में PM मोदी ने 33 हजार 700 करोड़ के 22 प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए

# कांग्रेस सरकार में खूब घोटाले हुए : मोदी

संवाददाता ● बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में PM मोदी ने 33 हजार 700 करोड़ के 22 प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए। इस दौरान मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में भर्ती परीक्षाओं में खूब घोटाले हुए। भाजपा सरकार ने घोटालों को लेकर जांच बिठाई। छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बिजली व्यवस्था खस्ताहाल थी। लोगों को बिजली नहीं मिलती थी। हमारी सरकार बिजली प्लांट लगा रही है। आपके घरों में जीरो बैलेंस के लिए PM सोलर योजना शुरू की गई है। इसके जरिए आप बिजली बनाकर यूज के साथ बेच भी सकेंगे।

**सौगात**

वहीं PM ने कहा कि हमारी सरकार यहां गैस पाइप लाइनें बिछा रही है। घरों में खाना बनाने की गैस अब पाइप से आ पाएगी। जैसे पाइप से किचन में पानी आता है, वैसे ही अब गैस आएगा। हम अभी 2 लाख से ज्यादा घरों में सीधे पाइप से गैस पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

PM ने कहा कि गैस उपलब्ध होने से यहां छत्तीसगढ़ में नए उद्योग लगाना भी संभव हो पाएगा। यानी बड़ी संख्या में यहीं पर रोजगार बनेंगे। गैस पाइप लाइन आने से यहां सीएनजी से गाड़ियां चल पाएंगी। इसका एक और फायदा होगा। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मायका है। मेरा सौभाग्य है कि नवरात्र के पहले दिन मैं यहां पहुंचा हूं। छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत है। यहां रामनामियों ने पूरा शरीर भगवान राम को समर्पित किया है। मोदी ने भारत माता की जय, मां महामाया और जय जोहार से सभा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 33 हजार 700 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों का घर है, स्कूल है, रोड है, बिजली है, पाइप लाइन है। ये सारे प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुविधा देने वाले हैं। नौजवानों के लिए नए रोजगार बनाने वाले हैं।

### जैसे किचन तक पाइप से पानी पहुंचता है, वैसे अब गैस भी पहुंचेगी





मोदी बोले- 80 हजार करोड़ रुपए आदिवासी इलाकों में खर्च किए जा रहे। मोदी ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं। हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरू किया है। इसके तहत 80 हजार करोड़ रुपए आदिवासी इलाकों में खर्च किए जा रहे हैं। इससे छत्तीसगढ़ के करीब 7 हजार आदिवासी गांवों को फायदा हो रहा है। आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती है। पहली बार हमारी सरकार ने अती पिछड़ी आदिवासियों के लिए पीएम जन-मन योजना बनाई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में 2 हजार से अधिक बसाहटों में काम किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि देशभर में पिछड़ी जनजातियों की बस्तियों में करीब 5 हजार किलोमीटर की सड़कें स्वीकृत की गई है। इनमें आधी सड़कें छत्तीसगढ़ में ही बनाई जानी है। यानी ढाई हजार किलोमीटर सड़कें यहां पीएम जन-मन योजना के तहत बनेंगी।

### PM मोदी ने कहा- 3 लाख गरीब परिवार अपने नए घर में गृहप्रवेश कर रहे

मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 3 लाख गरीब परिवार अपने नए घर में गृहप्रवेश कर रहे हैं। मुझे यहां तीन लाभार्थियों से मिलने का अवसर मिला। उनके चेहरे पर खुशी नहीं समां रही थी। मां तो अपना आनंद रोक नहीं पा रही थी। मोदी ने कहा कि 3 लाख परिवारों को नए जीवन के लिए बहुत शुभकामनाएं देता हूं। गरीब परिवारों के सिर पर पक्की छत आप सभी की वजह से ही संभव हो पाई है। क्योंकि आपने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। छत्तीसगढ़ के लाखों परिवारों के पक्के घर का सपना पहले की सरकार ने फाइलों में गुमा दिया था। तब हमने गारंटी दी थी। ये सपना हमारी सरकार पूरा करेगी। इसलिए विष्णुदेव की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में 18 लाख घर बनाने का निर्णय लिया गया।

### CM ने PM मोदी को वीरांगना बिलासा देवी केवट का मोमेंटो भेंट किया

CM साय ने PM मोदी को छत्तीसगढ़ की वीरांगना बिलासा देवी केवट का मोमेंटो भेंट किया। बिलासा देवी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं सीमाओं को पार कर इतिहास रच सकती हैं। यह मोमेंटो उन्हीं मूल्यों और प्रेरणाओं का दर्पण है।

### मोदी के आशीर्वाद से भ्रष्टाचारी कांग्रेस को जनता ने उकाड़ फेंका- साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा ने कहा कि ऊर्जा, रेलवे, सड़क, आवास और शिक्षा के सेक्टर में 33 हजार 700 करोड़ की सौगात देंगे, जिससे विकास को तेज गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ सौभाग्य शाली है।

साय ने कहा कि कि आपने छत्तीसगढ़ की जनता से आह्वान किया था कि उस समय की भ्रष्टाचारी कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकना है। जनता ने आपके आह्वान और आपकी गारंटी पर भरपूर भरोसा जताया। आपके विश्वास के कारण हम विधानसभा और लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त कर डबल इंजन की सरकार बना पाए।

साय ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनाने के बाद मोदी की गारंटी को पूरा करने का प्रयास सरकार में हुआ, इसलिए स्थानीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज के चुनाव में जनता का भरपूर आशीर्वाद हमारी पार्टी को मिला। एकतरफा विजय हमें मिला।

---

### रेप पीड़िता के पिता को सताने लगा डर

# मेरे परिवार को आसाराम से खतरा

एजेंसी ● नई दिल्ली

रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे आसाराम को शुक्रवार को गुजरात हाईकोर्ट द्वारा मेडिकल आधार पर तीन महीने की तात्कालिक जमानत दी गई है। इस फैसले के बाद पीड़िता के पिता ने अपनी चिंता जताते हुए कहा कि अब उनके परिवार को और भी अधिक खतरा हो गया है क्योंकि यह स्वयंभू बाबा कुछ भी कर सकता है।

**चिंता**

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के रहने वाले पीड़िता के पिता ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, जब आसाराम जेल में थे तब यह हमारे लिए जीत थी। लेकिन अब वह हर किसी को मैनेज कर रहे हैं। मुझे आश्चर्य है कि कोर्ट बार-बार उन्हें अंतरिम जमानत क्यों दे रहा है। पहले सात दिनों के लिए, फिर 12 दिनों के लिए, फिर दो महीने और ढाई महीने के लिए और अब तीन महीने के लिए।* उन्होंने यह भी



आरोप लगाया कि उनका परिवार अपने वकील से धोखा खा चुका है, जिन्होंने आसाराम की जमानत याचिका पर आपत्ति दाखिल नहीं की। वकील के पास सारे दस्तावेज तैयार थे। उन्होंने कहा, हमने सभी कागजात वकील को दिए थे, लेकिन उसने अदालत में आपत्ति नहीं दाखिल की और हमें लगातार भागदौड़ करवाई। वह हमें धोखा दे रहे हैं। अब जब आसाराम जेल से बाहर हैं। उनके समर्थक कह रहे थे कि वह फिर से जेल नहीं जाएंगे। अब उनकी बात सच साबित हो रही है। वह जोधपुर से इंदौर, उज्जैन और सूरत तक यात्रा कर रहे हैं और अपने अनुयायियों से मिल रहे हैं। वह हमसे कुछ भी करवा सकते हैं। अब हम केवल भगवान पर निर्भर हैं।*

#### मेडिकल आधार पर जमानत

आसाराम के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता शालिन मेहता ने अदालत में तर्क दिया कि 86 वर्षीय आसाराम हृदय और किडनी की बीमारियों से ग्रसित हैं। उनके इलाज के लिए केवल आयुर्वेदिक ‹पंचकर्म› ही उपलब्ध है। वकील ने बताया कि जोधपुर स्थित एक आयुर्वेदिक केंद्र में उनका इलाज अभी शुरु हुआ है और यह उपचार तीन महीने तक चलेगा।

#### पीड़िता के परिवार को सुरक्षा

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि पीड़िता के घर के बाहर एक गार्ड तैनात किया गया है और दो बंदूकधारी भी उसकी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पीड़िता के घर के सामने एक सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। स्थानीय कोतवाली पुलिस को रात के समय गश्त करने का निर्देश दिया गया है।

## देशभर में आज मनेगी ईद, सड़कों पर नमाज न पढ़ने का फरमान

**नई दिल्ली\लखनऊ**। यूपी में ईद उल फित्र का चांद दिख गया है। अब पूरे प्रदेश के साथ देशभर में सोमवार को ईद मनाई जाएगी। लखनऊ में मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने इसकी घोषणा की। वहीं मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील की है। ईद की नमाज से पहले फित्रा (दान) देने की बात कही है। उप्र के सीएम योगी ने ईद की बधाई देते हुए कहा- खुशियों का यह त्योहार अमन-चैन का संदेश देता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार देश के कई हिस्सों में चांद दिखने की पुष्टि हो गई है। रविवार शाम नई दिल्ली, लखनऊ, बेंगलुरु, नोएडा, कोलकाता, चेन्नई, पटना और मुंबई सहित देश के सभी प्रमुख शहरों में ईद-उल-फितर का चांद दिखने के बाद देशभर में 31 मार्च को ईद मनाई जाएगी। ईद की घोषणा होते ही बाजारों में भीड़ लग गई। दुकानों में पैर रखने की भी जगह नहीं है। लोग ईद की खरीदारी कर रहे हैं। चांद दिखने के साथ ही शव्वाल महीने की शुरुआत हो गई है। 30 दिनों के रोजे के बाद रमजान का पवित्र महीना समाप्त होने के साथ शव्वाल शरू हो गया है। यह इस्लामी कैलेंडर का 10वां महीना है, जो रमजान के खत्म होने के बाद आता है। बता दें कि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित मध्य पूर्व के देशों में रविवार को ईद मनाई गई, क्योंकि वहां शनिवार देर शाम चांद दिखाई दिया था।

# सांसद रामजीलाल सुमन को गोली मारने की धमकी

### युवक ने कहा-गोली मारने वाले को दूंगा 25 लाख

एजेंसी ● अलीगढ़

राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी करने से घिरे सपा सांसद रामजीलाल सांसद को जवां क्षेत्र के एक युवक ने गोली मारने की धमकी दी है। यह भी कहा है कि अगर कोई ओर गोली मारेगा तो उसे 25 लाख रुपये दूंगा। उसका एक वीडियो भी प्रसारित हो रहा है। पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।



जवां क्षेत्र के बहारपुर कोटा निवासी मोहनसिंह चौहान पर फिलहाल कोई पद नहीं है। वह भाजपा से जुड़ा रहा है। जिला पंचायत के चुनाव में टिकट भी मांग चुका है। तीन दिन पहले उसने एक वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया था, जिसमें वह सपा सांसद को धमकी देता नजर आ रहा है। सीओ सिविल लाइन अभय कुमार पांडेय के अनुसार, किसी ने इस बारे में कोई शिकायत नहीं की है। फिर भी पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है। जो भी विधिक कार्रवाई होगी की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह ने बताया कि मोहन सिंह चौहान पार्टी के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने मिस्ड काल के जरिए सदस्यता ली थी। उन्होंने बयान क्या दिया है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा के लिए अभद्र टिप्पणी करने पर युवा नेता मोहन सिंह का कहना है कि महाराणा सांगा जैसे महान योद्धा एवं राष्ट्रभक्त को गद्दार कहना एवं उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने से देश के युवाओं में आक्रोश है। वह स्वयं राष्ट्रभक्त है एवं देश के महान योद्धाओं का अपमान बिल्कुल सहन नहीं कर सकता है। इसलिए रामजीलाल सुमन इसके लिए माफी मांगें, अन्यथा 12 अप्रैल को राणा सांगा जयंती पर लोग उन्हें सबक सिखा देंगे। जब मोहन सिंह चौहान का भाजपा से कनेक्शन के बारे में भाजपा के जिला महामंत्री शिवनारायण शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनका पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। मामले में राष्ट्रीय स्वर्ण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज धरवेया ने बताया कि मोहन सिंह चौहान उनके संगठन के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं, उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी महापुरुष व महान योद्धा के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करना अशोभनीय है। इस मामले में थानाध्यक्ष जवां हेमंत मावी का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है, युवक आज कल अलीगढ़ में किसी जगह रह रहा है, उच्च अधिकारियों का जो भी आदेश होगा वह उसका पालन करेंगे।

### मस्जिद के बाद अब मेले पर विवाद

**सुल्तानपुर**। संभल, बहराइच के बाद अब मुस्लिम आक्रांता सैय्यद सालार मसूद गाजी के पांच सिपहसालारों की सुल्तानपुर स्थित कब्रगाह पांचोपीरन में लगने वाले सावनी मेला पर हिंदूवादी संगठनों ने प्रश्न उठा दिया है। उनका कहना है कि पांचोपीरन दरगाह में लगने वाला मेला हिंदुओं के अपमान का प्रतीक है। अगर इसे तत्काल रोकने का आदेश नहीं दिया गया तो हिंदूवादी संगठन सीधी कार्रवाई करेंगे।

---

### मध्यप्रदेश में पहली बार 1000 ड्रोन के माध्यम से आकर्षक ड्रोन-शो की प्रस्तुति दी गई; सिंहस्थ-गान हुआ लांच, श्रेया घोषाल ने दी में मनमोहक प्रस्तुति

# उज्जैन में विक्रमादित्य के नाम से स्थापित हो न्याय से जुड़ी राष्ट्रीय संस्था : सीएम यादव

एजेंसी ● उज्जैन

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के शुभ अवसर पर उज्जैन में विक्रमोत्सव के प्रसंग में आयोजित कार्यक्रमों में प्रदेशवासियों का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का भी आभार ज्ञापित करता हूँ। जिन्होंने दुनिया की पहली वैदिक घड़ी और भगवान महाकाल के अद्भुत महालोक की सौगतों से महाराजा विक्रमादित्य की उज्जयिनी के गौरव और वैभव की पुनर्स्थापना की है। विक्रमोत्सव का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है। यह दिन हमारे लिए एक नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है, जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और हमारे पूर्वजों के योगदान को याद करने का अवसर है।

**विक्रमोत्सव**

राज्यपाल श्री पटेल रविवार को उज्जैन में विक्रमोत्सव अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद रहे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नववर्ष का यह पर्व विविध स्वरूपों में मनाया जाने वाला 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को स्थापित करता है। इसे कहीं 'गुड़ी पड़वा' तो कहीं 'चैती चांद', कहीं 'युगादि' तो कहीं 'उगादि' और कहीं 'नवरोज अगदु' के अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है। इसी के साथ नौ दिन आरोग्य, साधना और कायाकल्प के नवरात्र का भी आरंभ होता है।




### उज्जैन में न्याय से जुड़ी राष्ट्रीय संस्था सम्राट विक्रमादित्य के नाम से प्रारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन नगरी सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल की नगरी है। उज्जयिनी वह नगरी है जिसमें योगीराज श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की तो अनेक राजा महाराजाओं ने अपने न्याय प्रिय शासन से दुनिया को न्याय की ओर मोड़ा। आज का दृश्य देख कर लग रहा है मानो आज सम्राट विक्रमादित्य स्वयं इस नगरी में पधारे हैं। हम सबके लिए यह सौभाग्य की बात है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में श्रीमहाकाल महालोक का निर्माण हुआ और भगवान श्री महाकालेश्वर की नगरी का वैभव और बड़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका शासन काल रामराज्य की याद दिलाता है। हमारी सरकार भी निरंतर जनता की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है।

विक्रमादित्य ने अपने पुरुषार्थ से अपनी प्रजा का ध्यान रखा और सदैव प्रजा की रक्षा की। उन्होंने जनता का कर्ज माफ किया। उन्होंने विक्रम संवत का प्रवर्तन करते हुए सनातन परंपरा की पुनर्स्थापना की। सम्राट विक्रमादित्य की न्याय परंपरा का लोहा आज भी माना जाता है। उनकी न्याय प्रियता हजारों साल से जानी जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री डॉ. मेघवाल से अनुरोध किया कि भविष्य में उज्जैन में न्याय से जुड़ी राष्ट्रीय संस्था सम्राट विक्रमादित्य के नाम से प्रारंभ की जाए।

### अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों

# पुराने तालाबों, बावड़ियों, कुँओं का जीर्णोद्धार कर पौधारोपण भी करेंगे

संवाददाता ● इंदौर

जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा। इस रविवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिये जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किये गये। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कराया जायेगा। साथ ही सघन पौधारोपण भी होगा। इसके लिए जिले में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। यह अभियान आगामी 30 जून तक सतत चलेगा।

**अभियान**

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रारंभ किया गया है। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि इस अभियान को सभी के सहयोग से जन आंदोलन के रूप में चलाया जायेगा। अभियान में जल संरक्षण के साथ ही पौधारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। अभियान के तहत शुरूआत में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य किये जायेंगे। इस अभियान में जल स्त्रोतों और देवालयों की सफाई की योजना बनाई जाएगी। यह संतों, जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जाएगा। कार्य पूर्ण होने पर वरुण पूजन और जल अभिषेक होगा तथा रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय समुदायों को दी जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि अभियान के पहले दिन आज ग्रामीणों के सहयोग से विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत के माध्यम से जल संरक्षण संबंधी विभिन्न कार्यों की शुरूआत की गयी। आज जिले के महू जनपद पंचायत के ग्राम जामबुजुर्ग में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें तालाब निर्माण कार्य की शुरूआत की गयी। इसी तरह गाँव में वर्षा जल को सहजने के लिये बोल्डर चेकडेम के निर्माण भी प्रारंभ किये गये। इसी प्रकार रामपुरिया ग्राम में भी ग्रामीणो के सहयोग से चेकडेम निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। अन्य ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी प्रकार इंदौर जनपद के ग्राम झलारिया में तालाब की साफ-सफाई का काम हाथ में लिया गया। इसी जनपद पंचायत के ग्राम खुडैल खुर्द में भी तालाब की सफाई के कार्य की शुरुआत की गयी।



**बनेंगे 19 नए अमृत सरोवर**

जिले में गत वर्ष चलाये गये अभियान के तहत 101 नये अमृत सरोवर बनाये गये थे। इन सरोवरों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में अमृत सरोवर 2.0 के तहत 19 नए तालाबों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर लगभग 4 करोड़ 18 लाख रुपये व्यय होना संभावित है। अब तक 10 स्थलों का चयन हो चुका है, जबकि शेष का चयन 30 मार्च 2025 तक वैज्ञानिक (GIS) पद्धति से किया जाएगा।

## तालाबों के आसपास से हटाएंगे अवैध कब्जे

अभियान के तहत राजस्व विभाग के साथ तालाबों का सीमांकन किया जायेगा। राजस्व अभिलेखों में नवीन तालाबों को दर्ज किया जायेगा। तालाबों पर अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी। तालाबों की सीमा को दर्शाने हेतु चॉंदे-मुनारे बनाये जायेंगे। तालाबों का जन भागीदारी से गहरीकरण होगा। मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से तालाब का जीर्णोद्धार और सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। तालाबों में जल की आवक बढ़ाने के लिये इनलेट क्षमता बढ़ायी जायेगी। तालाबों के पास पौधारोपण होगा। उपयोगकर्ता समूह बनाकर संधारण एवं रख रखाव किया जायेगा।

नदियों के स्त्रोत के कैचमेंट पर होंगे कार्य : जिले की महत्वपूर्ण नदियों के स्त्रोत से वाटरशेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य किये जायेंगे। रिमोट सेंसिंग और फील्ड सर्वेक्षण के आधार पर कार्ययोजना बनाकर एक वर्ष के भीतर कार्य पूर्ण किया जाएगा। गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौधारोपण, चेकडेम तालाब आदि कार्य समुदाय की भागीदारी से किये जायेंगे।

**शॉट न्यूज**

### वैश्य दिवस और हिन्दू नववर्ष पर किया गुड़ी पूजन

**इंदौर।** अग्रवाल समाज हाई-वे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में हिन्दू नववर्ष एवं वैश्य दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को वरुण विक्ट्री परिसर में गुड़ी का पूजन कर गुड़-धनिया एवं पेड़े के प्रसाद का वितरण भी किया गया। संगठन के संस्थापक अरविंद बागड़ी ने गुड़ी का पूजन करते हुए वैश्य समाज के सभी घटकों के प्रतिनिधियों को वैश्य दिवस पर शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल मन्नू, अनिल अग्रवाल, नारायण ऐरन, दिलीप अग्रवाल पालदा, विकास मित्तल विक्की, संजय बंसल हरदावाले, राजेन्द्र गुप्ता, राजू अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, मुकेश मंगल, लव अग्रवाल, वीलेश ऐरन सहित बड़ी संख्या में हाई-वे क्षेत्र से जुड़ी 26 कालोनियों के परिजन उपस्थित थे। सभी ने एक-दूसरे को नए हिन्दू वर्ष एवं वैश्य दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त की।

### सराफा में युवती से छेड़छाड़ करने वाले ने बहन और दोस्त को पीटा

**इंदौर।** सराफा क्षेत्र में छुट्टी वाले दिन काफी भीड़ रहती है। इसका फायदा मनचले भी उठाने लगे है। वे युवतियों से बेड टच और छेड़छानी करते है। शनिवार को भी एक मनचले ने छेड़खानी की तो युवती ने विरोध किया। इससे नाराज युवक और उसके साथी ने युवती, उसकी बहन को पीटना शुरू कर दिया। युवती का दोस्त बीच-बचाव के लिए आया तो उसे भी पीटा। पुलिस अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लिया और आरोपियों की खोजबीन शुरू की दी है। छेड़खानी की घटना सराफा में देर रात को हुई। यहां साधु वासवानी नगर निवासी युवती अपनी बहन और दोस्तों के साथ आई थी। एक दुकान पर युवक ने उसे गलत तरीके से छूने की कोशिश की। युवती ने विरोध किया तो युवक अश्लील कमेंट लगा। युवती ने भी कुछ बोला तो युवक ने गालियां देने शुरू कर दी।

# हरिधाम आश्रम केट रोड पर यज्ञशाला का शुभारंभ

### पांच दिवसीय महोत्सव में पं. पुष्पानंदन तिवारी करेंगे कथामृत की वर्षा, रोज सुबह होगा हनुमत महायज्ञ



संवाददाता ● इंदौर

वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में हवा बंगला कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर नव निर्मित यज्ञशाला का शुभारंभ आश्रम के अधिष्ठाता महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में हुआ। यज्ञशाला का निर्माण क्लाथ मार्केट के समाजसेवी प्रहलाद गर्ग ने अपने धर्म पत्नी श्रीमती अंजू गर्ग की स्मृति में कराया है। यह यज्ञशाला 36 बाय 36 आकार में बनाई गई है। आज यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ-हवन के साथ यज्ञ नारायण की आरती के साथ शुभारंभ की रस्म संपन्न हुई, जिसमें आशीष गर्ग, सुश्री आशी गर्ग, डॉ. सुरेश चौपड़ा, प्रकाश अजमेरा, सुधीर अग्रवाल, विजयसिंह राणा, श्रीकांत शर्मा, मोहन अग्रवाल, ओमप्रकाश रेतवाले सहित आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर दीपचंद गर्ग, शिवशंकर गर्ग, डॉ. ओ.पी. गिरि, ओम हरलालका एवं मोहन रामचंद्र अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस यज्ञशाला में पहला अनुष्ठान 8 अप्रैल से हनुमत महायज्ञ के साथ प्रारंभ होगा।

**महायज्ञ**

### अग्रवाल संगठन नवलखा क्षेत्र का दो दिनी गणगौर महोत्सव

**इंदौर।** अग्रवाल संगठन नवलखा क्षेत्र के तत्वावधान में दो दिवसीय गणगौर महोत्सव का आयोजन 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को किया जाएगा। इस दौरान सोमावर, 31 मार्च को गणगौर का भव्य बाना निकाला जाएगा, वहीं 1 अप्रैल को आनंद नगर स्थित आनंद मंगल परिसर में गणगौर उजमन एवं कार्निवाल का आयोजन भी होगा। इसमें नवलखा क्षेत्र की 30 से अधिक कालोनियों की महिलाएं परंपरागत वेशभूषा में शामिल होंगी। संगठन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष पिंकी गोयल ने बताया कि सोमवार को शाम 5 बजे मंगल मूर्ति उद्यान से आनंद मंगल परिसर तक गणगौर का भव्य बाना निकाला जाएगा, जिसमें व्रत का उजमन करने वाली महिलाएं ईसर-गौरा के रूप में सज-धजकर शामिल होंगी।

### चैत्र नवरात्रि : गीता भवन में रोज होगा दुर्गा सप्तशती पाठ

**इंदौर।** मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर नव संवत्सर एवं गुड़ी पड़वा तथा चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री राम विलास राठी, प्रेमचंद गोयल एवं अन्य न्यासियों ने घट स्थापना कर राम दरबार मंदिर में आरती की। गीता भवन में नवरात्रि के दौरान सोमवार से प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। उत्सव की शुरुआत श्रीराम दरबार एवं देवी माता मंदिर में घट स्थापना से हुई। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महोत्सव में प्रतिदिन रामचरित मानस के नवान्ह पारायण एवं दुर्गा सप्तशती के पाठ सहित विभिन्न अनुष्ठान होंगे। 5 अप्रैल को महाअष्टमी एवं 6 को रामनवमीं पर शतचंडी महायज्ञ होगा, जिसमें श्रद्धालु भी आहुतियां प्रदान करेंगे। 6 अप्रैल को सुबह श्रीराम महायज्ञ तथा दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### दशहरा मैदान पर श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ का शुभारंभ

# 'अवध लोक' में गूंजने लगी श्लोकों की मंगल ध्वनि



संवाददाता ● इंदौर

दशहरा मैदान स्थित अवध लोक पर हिन्दू नववर्ष एवं श्रीराम जन्मोत्सव का शुभारंभ रविवार सुबह श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ के शुभारंभ, अयोध्या में बने रामलला के भव्य मंदिर की प्रतिकृति में राम दरबार की स्थापना एवं गुड़ी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। दत्त माउली संस्थान के अधिष्ठाता सदगुरू अण्णा महाराज, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सामाजिक समरसता के प्रमुख किरण जोशी, सांसद शंकर लालवानी, डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति के अध्यक्ष ईश्वरदास हिन्दूजा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित विहिप एवं संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर इन सभी अनुष्ठानों का शुभारंभ किया। सुबह से दोपहर तक समूचा 'अवध लोक' मंत्रों, श्लोको, चौपाइयों और आरतियों की मंगल ध्वनि से गुंजायमान बना रहा। सांसद शंकर लालवानी ने यज्ञशाला पहुंचकर संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान तथा श्रीमती प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री के साथ नए वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्र में सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की तथा यज्ञ में शामिल यजमानों को बधाई दी।

**शुभारंभ**

सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ में मालवांचल के विद्वान प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक संपन्न कराएंगे। यज्ञशाला में दूर-दूर से आए यजमान भाग ले रहे हैं। आज सुबह अंतरिक्ष अग्नि अर्थात सूर्य के तेज से अग्नि प्रज्वलन कर प्रधान कुंड पर अग्नि स्थापन की विधि संपन्न हुई। इसके बाद सभी अतिथियों ने रामलला के मंदिर की प्रतिकृति में वैदिक मंत्रोच्चार एवं अक्षत वर्षा के बीच राम दरबार की स्थापना संपन्न की। वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में 'अवध लोक' में गुड़ी की स्थापना की गई थी, जिसका पूजन सभी अतिथियों ने अभिजीत मुहूर्त में किया। इस गुड़ी को रेशमी वस्त्रों से श्रृंगारित किया गया था। जैसे ही अनुष्ठान की सभी रस्में संपन्न हुई, समूचा परिसर जय-जय सियाराम, रामलला के जयघोष एवं यज्ञ नारायण की जय के उदघोष से गूंज उठा।

# परशुराम महासभा ने सोलह श्रृंगार में निकाला गणगौर बाना

संवाददाता ● इंदौर



परशुराम महासभा महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार को राजेन्द्र नगर के परशुराम चौक से बैंड-बाजों, घोड़े-बग्घी, भजन एवं गरबा मंडलियों सहित गणगौर का भव्य बाना निकाला गया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः परशुराम चौक पर समाप्त हुआ। सोलह श्रृंगार में सजी-धजी महिलाएं गणगौर को मस्तक पर धारण कर नाचते-गाते हुए इस बाने में शामिल हुईं। मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर बाने का स्वागत किया गया। महासभा के प्रदेश प्रभारी पं. संजय मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष पं. गोविंद मिश्रा एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती पूनम संजय मिश्रा ने बताया कि एक हजार से अधिक महिलाओं और 500 से पुरुषों सहित इस गणगौर बाने में महिलाएं सोलह श्रृंगार में सज-घजकर गणगौर के गीतों पर नाचते-गाते हुए शामिल हुईं। मार्ग में अनेक स्थानों पर फूलों की वर्षा कर बाने का स्वागत किया गया तो अनेक स्थानों पर फलाहार एवं अन्य शीतलपेय परोसकर महिलाओं का स्वागत हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक अश्विन जोशी की पत्नी श्रीमती पिंकी जोशी, विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद प्रशांत बड़वे, युवा वाहिनी अध्यक्ष अनिरुद्ध शर्मा, गणेश शास्त्री, जितेन्द्र व्यास तथा मातृशक्ति में मोनिका शर्मा, मोनिका दुबे, रिंकू तिवारी, पायल शर्मा, दीपिका शर्मा, रश्मि पुरोहित, शीतल शर्मा, निहारिका शर्मा, डाली जोशी, माधवी दिजारे, अर्चना शाह, अर्चना चतुर्वेदी, शक्ति सुधा शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज एवं राजेन्द्र नगर क्षेत्र की महिलाएं गणगौर के दोहे एवं छंद गाते शामिल हुईं। माधुर्य भोज के साथ समापन हुआ। अंत में श्रीमती पूनम संजय मिश्रा ने आभार माना।

**समापन**

### स्कूटर को टक्कर मारी, छीनकर भागने लगे तो भीड़ ने धरदबोचा

**इंदौर।** भंवरकुआं पुलिस ने लूट के प्रयास के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला एक निजी मोबाइल कंपनी के कलेक्शन एजेंट की शिकायत पर दर्ज किया गया। डीसीपी ऋषिकेश मीना की टीम ने शिकायतकर्ता विजय कुमार चौपड़ा निवासी नानक पैलेस की रिपोर्ट पर आरोपियों रोहित और रमेश निवासी गोम्मटगिरी गांधीनगर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। विजय कुमार के अनुसार वह शुक्रवार देर शाम एयरटेल पेमेंट बैंक के कलेक्शन की रकम लेकर अपनी स्कूटर MP09DF9640 से आईटी पार्क चौराहा की ओर जा रहे थे। जब वह अस्पताल के पास रिंग रोड पर पहुंचे, तभी बाइक MP09AJ6286 सवार बदमाशों ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी। गिरने के बाद आरोपियों ने स्कूटर छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर मारपीट भी की।

### अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ के सदस्यों ने अन्नपूर्णा मंदिर में सूर्य को दिया अर्घ्य



संवाददाता ● इंदौर

श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ ने रविवार को हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में अन्नपूर्णा आश्रम पहुंचकर भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य प्रदान कर समाजबंधुओं को नए वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए गुड़-धनिया और पेड़े प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा मंदिर के स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि, विधायक मधु वर्मा, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, पार्षद अभिषेक बबलू शर्मा, अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, उमेश अग्रवाल, संजय गोनयका, अनिल अग्रवाल, विष्णु गोयल, पिंकेश मोदी, अवधेश अग्रवाल, धर्मेन्द्र गर्ग, अभिषेक सोनथलिया, अजय अग्रवाल, दिनेश गर्ग, राजेश अग्रवाल, गौरव ओमप्रकाश अग्रवाल, गुंजन गुप्ता, आशीष पोद्दार, श्रीमती सोनिया केजरीवाल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे। समाजबंधुओं ने मां अन्नपूर्णा के दर्शन कर नए वर्ष से अपना कार्यारंभ किया।

### पंचकुइया स्थित दास बगीची पर श्रीराम-हनुमत चरित्र महोत्सव कथा की पूर्णाहुति

# अपने अंदर बैठे रावण को मारे बिना कथा श्रवण करना निरर्थक

संवाददाता ● इंदौर



दुर्लभ मनुष्य जीवन की धन्यता यही होगी कि हम प्रतिदिन, प्रतिपल भगवान से प्रार्थना करें कि वे हमें ऐसी दृष्टि प्रदान करें कि हम राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमानजी के नित्य दर्शन की अनुभूति कर सकें। जब तक हम अपने अंदर बैठे रावण को नहीं मारेंगे, तब तक इस कथा श्रवण की सार्थकता नहीं होगी।

**कथा**

प्रभु राम ने उस रावण को तो मार दिया, लेकिन हमारे अंदर का रावण आज भी जिंदा है। हम अपने मन को जिस दिन चित्रकूट बना लेंगे, हमें हनुमानजी के साथ राम, लक्ष्मण और जानकी के दर्शन भी होते रहेंगे। राष्ट्रकवि और सरस्वती पुत्र पं.सत्यनारायण सत्तन ने पंचकुइया स्थित दास बगीची पर शनिधाम के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम हनुमान चरित्र महोत्सव के सात दिवसीय दिव्य अनुष्ठान के समापन प्रसंग पर ये विचार व्यक्त किए। हंसदास मठ के महामंडलेश्वर हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज, महंत राजनाथ योगी के सानिध्य एवं सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, गोपीकृष्ण नेमा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव के आतिथ्य में संयोजक धर्मेश यादव, श्रवण चावड़ा, उज्जैन वि.वि. छात्र संघ के अध्यक्ष सिद्धार्थ यादव, अशोक चौहान चांदू, सुरेन्द्र वाजपेयी, जितेन्द्र सोनी, सचिन सांखला तथा भावेश दवे ने पं. सत्तन का सम्मान किया। मुख्य पुजारी पं. देवेन्द्र तिवारी तथा कार्यक्रम संयोजक धर्मेश यादव को भी हम्माल कालोनी युवा संगठन एवं नवग्रह युवा संगठन के सदस्यों ने सम्मानित किया। पं. सत्तन ने कहा कि हनुमान स्वयं राजा नहीं, बल्कि दूसरों को राजा और महाराजा बनाने वाले व्यक्तित्व हैं। राम में रा से राजा और म से महाराजा का मतलब यही है कि हमारे प्रभु राम राजा भी हैं और महाराजा भी। उन्हें यह सम्मान हनुमानजी के कारण प्राप्त हुआ है। हनुमानजी रीति, नीति और मर्यादा में रहने वाले ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने धर्म के माध्यम से अनीतियों का प्रतिकार किया। यदि मंथरा राम के लिए वनवास नहीं मांगती तो राम महाराजा नहीं बन पाते। मंथरा ने राम को वनवास का वरदान मांगकर रघुकुल के साथ भारतीय समाज को भी राम राज्य की दिशा में आगे बढ़ाया है। उस रावण को तो प्रभु राम ने मार दिया, लेकिन हम सबके मन में बैठा रावण आज भी जिंदा है, उसे मारे बिना इस राम कथा के श्रवण की सार्थकता नहीं हो सकती।




## गांधी हॉल में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन

इंदौर।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में आयोजित विक्रमोत्सव के तहत कोटि सूर्योपासना के क्रम में मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा गांधी हॉल में हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर भगवान सूर्य को अर्ध देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रंगरुपिया थिएटर के प्रसून्न सोनी एवं उनकी टीम द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन एवं गौरव गाथा पर केंद्रित पर आधारित नाटक का मंचन हुआ। कार्यक्रम में विधायक महेंद्र हडिया, गोलू शुक्ला, कलेक्टर आशीष सिंह निगम आयुक्त शिवम वर्मा, महापौर परिषद सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, निरंजन सिंह चौहान, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सचिव राजेंद्र गैरोठिया, कार्यक्रम अधिकारी पवन पटौदी, स्कूली छात्र-छात्रा एवं प्रधान अध्यापक उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### जमीन विवाद में किसान की हत्या, 5 आरोपियों को दबोचा

**इंदौर**। कनाड़िया गांव में एक किसान की पांच लोगों ने हत्या कर दी। आठ बीघा जमीन करोड़ों रुपये की थी और जिन लोगों को किसान परिवार ने जमीन खेती करने के लिए दी थी, वे उसका कब्जा नहीं छोड़ रहे थे। किसान ने इसकी शिकायत अफसरों को की थी। खेत पर कब्जा करने वाले किसान पर समझौता करने का दबाव बना रहे थे। शुक्रवार को किसान बाबूलाल उर्फ गब्बर परमार का शव खेत में मिला था। परिजनों ने हत्या की शंका जताई थी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि बाबूलाल के पिता की आठ बीघा जमीन है। हिस्सेदारों ने यह जमीन खेती के लिए मान सिंह परिहार और घनश्याम परिहार को दी थी। करोड़ों की कीमत होने के कारण आरोपी ने खेती का कब्जा छोड़ने से इनकार कर दिया।

### नरवाई जलाने वालों के खिलाफ करेंगे कार्रवाई

**इंदौर**। जिले में किसानों से आग्रह किया गया है कि वे पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से नरवाई नहीं जलाये। नरवाई जलाना पर्यावरण, मानव जीवन और भूमि की उर्वरा शक्ति के लिये हानिकारक है। जिले में वर्तमान में गेहूं के साथ-साथ अन्य फसलों की कटाई का कार्य किया जा रहा है। कटाई के उपरांत खेतों में शेष अवशेषक (नरवाई) बचता है जिन्हें किसान अनुपयोगी समझकर आग लगाकर नष्ट कर देते है इससे भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है एवं प्रदूषण फैलता है। उपसंचालक कृषि सी.एल.केवड़ा ने बताया कि नरवाई में लगभग नत्रजन 0.5 प्रतिशत, स्फुर 0.6 प्रतिशत और पोटाश 0.6 प्रतिशत पाया जाता है, जो नरवाई में जलकर नष्ट हो जाता है। भूमि में उपलब्धत जैव विविधता समाप्त हो जाती है अर्थात भूमि में उपस्थित लाभ दायक सूक्ष्म जीव एवं केचुआं आदि विभिन्न जीव जलकर नष्ट हो जाते है।

### बकाया करों के भुगतान का आज अंतिम दिन

**इंदौर**। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बकाया करों के भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च नियत होने से करदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए, 31 मार्च अवकाश के दिन में राजस्व मुख्यालय/रजिस्ट्रार कार्यालय (कलेक्टोरेट परिसर) और सभी 01 से 22 झोन के राजस्व शाखा/कैश काउंटर करदाताओं की सुविधा हुई देर रात तक खुले रहेगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त शिवम वर्मा और राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने शहर के करदाताओ से अपील की है कि वह वित्तीय वर्ष की संमाप्ति के अंतिम दिवस पर संबंधित कार्यालयो में जाकर अपना संपतिकर/जलकर/कचरा प्रबंधन शुल्क की राशि का भुगतान कर शहर विकास में सहयोग करें।

गुड़ी पड़वा की धूम...

# शंखनाद के बीच सूर्य को अर्घ्य देकर लोगों ने मनाया हिंदू नववर्ष

**राजबाड़ा में भी उत्साह, गुड़-धनिया से एक-दूसरे का मुंह मीठा कर खुशहाली की कामना की**



**संवाददाता ● इंदौर**

शहर में रविवार को गुड़ी पड़वा व चैत्र नवरात्रि हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के अवसर पर बड़े ही धूमधाम से हिंदू नववर्ष , गुड़ी पड़वा पर्व धूमधाम से मनाया गया। उगते सूरज को शंखों की ध्वनि के बीच अर्घ्य दिया गया। नूतन मंगल वर्ष पर खुशहाली की कामना की गई और एक-दूसरे का मुंह मीठा कर गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दी गई

00000

शहर के तीन स्थानों पर गुड़ी पड़वा पर बड़े आयोजन हुए। राजवाड़ा पर सुबह महिलाएं व पुरुष पारंपरिक परिधानों के साथ एकत्र हुए। चौक गजरे की खुशबू से महक रहा था और रंगोली सड़कों की सुदंरता बढ़ा रही थी। सूर्य उदय होते ही शंख बजने लगे और लोगों ने जल से सूर्य को अर्घ्य दिया। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने साधु संतो और शहर के लोगों के साथ इस पर्व को मनाया विजयवर्गीय ने कहा कि नया हिन्दूवर्ष देशवासियों के लिए मंगलमय हो प्रदेश और इंदौर में खुशहाली लाए। यही हमारी मंगलकामनाएं है। इंदौर में सुबह से कई परिवारों ने घरों में गुड़ी बांधी और दरवाजे की चौखट पर आम की पत्तियों के वंदनवार सजाए। तिलक नगर में संस्था पूर्वी इंदौर ने आंनदोत्सव मनाया। पूर्व निगम सभापति अजय सिंह नरुका ने बताया कि बीते 16 सालों से संस्था द्वारा गुड़ी पड़वा मनाया जाता है।

### वार्ड 7 में भूमिपूजन

ए.पी.टी.सी. उद्यान में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय , विशेष पुलिस महानिदेशक डॉक्टर वरुण कपूर द्वारा योग मित्र योगशाला का लोकार्पण एवं 1 करोड़ की लागत से विकसित किए जाने वाले उद्यान का भूमिपूजन भी किया गया। इस अवसर पर भावना मनोज मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय रहवासियों की उत्साहजनक उपस्थिति रही।

### माता मंदिरों पर भी भीड़

नववर्ष के साथ चेत्र नवरात्रि के चलते शहर के देवी मंदिरों पर भी पूजा व अनुष्ठान हो रहे है। शहर के प्राचीन मंदिर बिसासन टेकरी पर भक्तों के लिए टेंट लगाया गया है। रात तक मंदिर भक्तों के लिए खुला रहेगा। रविवार को बड़ी संख्या में भक्तों ने आकर माता के अलग-अलग रुपों के दर्शन किए।

### शुभ संकल्प संस्था ने बड़ा गणपति चौराहे पर सूर्य को दिया अर्घ्य



शुभ संकल्प संस्था ने बड़ा गणपति चौराहा पर आयोजित हिंदू नववर्ष अभिनंदन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व तुलसीराम सिलावट तथा संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति में सूर्यदेव को अर्घ्य दिया । इस अवसर पर डॉ. उमाशशि शर्मा, गोलू शुक्ला, श्रवण सिंह चावड़ा, दीपक जैन (टीनू जी) सहित जनप्रतिनिधियों, सम्मानित संत समाज, नारी शक्ति एवं प्रबुद्धजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजक, भाजपा प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी और पूर्व पार्षद दीपक जैन "टीनू" ने बताया कि इंदौर संस्कार और सरोकार की धरती है। यहां धार्मिक परंपराओं के साथ सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का सम्मान भी सर्वोपरि रहा है। उल्लेखनीय यह भी है कि यह मां अहिल्या का 300वां जयंती वर्ष है।

### भाजपा कार्यालय : द्वार पर गुड़ी सजाई, पूजन-अर्चन भी किया

उधर भाजपा कार्यालय के मुख्य द्वार पर आकर्षक गुड़ी स्थापित की गई, जिसका सभी भाजपा जनों ने पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व महापौर कृष्ण मुरारी मोघे, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, महामंत्री सुधीर कोल्हे, सविता अखंड, पदमा भोजे, ज्योति पंडित, अनीता व्यास, मंजीत बाजवा, मुकेश मंगल, रघु यादव, अतुल बनवड़ीकर, रितेश तिवारी, नितिन द्विवेदी सहित अन्य मुख्य रुप से उपस्थित हुए।



### नवरात्रि पर आराधना और दर्शन का दौर

इंदौर। रविवार से चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई है, इस बार नवरात्रि की एक तिथि घटी है और 9 की जगह 8 दिन की नवरात्रि रहेगी। साल में चार नवरात्रि आती है, जिसमें दो गुप्त नवरात्रि होती है और एक चैत्र और दूसरी शारदीय नवरात्रि होती है। रविवार को इस बड़ी नवरात्रि के पहले दिन से ही माँ के भक्तों की आराधना दिख रही है। रविवार सुबह से घरों में ज्वारे बोये, घट स्थापना हुई, व्रत भी शुरू हुए श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर अपनी माँ के दर्शन किए और कई श्रद्धालुओं ने दुर्गा सप्तशति के पाठ भी किए। बिजासन टेकरी शक्तिपीठ पर भी आज अलसुबह से ही भीड़ नजर आई। बाहर से भी श्रद्धालु यहां पहुंचे थे।

### बिल्डिंग से गिरा ड्राइवर, एमवाय ले गए, नहीं बची जान

इंदौर। खुड़ैल क्षेत्र में एक बिल्डिंग से गिरने से ड्राइवर की मौत हो गई। घायल अवस्था में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। खुड़ैल पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 35 वर्षीय सुनील दरबार के रूप में हुई है, जो नीलगिरी परिसर में रहता था। परिवार के मुताबिक, सुनील ड्राइवरी का काम करता था और अमावस्या होने के कारण शनिवार को घर पर ही था। कुछ देर के लिए बाहर जाने की बात कहकर निकला, तभी परिजनों को तेज आवाज सुनाई दी। बाहर झांककर देखा तो सुनील जमीन पर गिरा हुआ था। आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए लेकिन बचाया नहीं जा सका।

भावना हत्याकांड : आरोपियों को 2 अप्रैल तक रिमांड पर सौंपा गया

## खातों की डिटेल्स निकाल रही पुलिस कई मिले फ्रीज, बैंकों को लिखे लेटर



**संवाददाता ● इंदौर**

भावना हत्याकांड के आरोपियों के बैंक खातों की डिटेल पुलिस निकाल रही है। एसीपी आदित्य पटले ने बताया कि भावना हत्याकांड के आरोपी 2 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर हैं। पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के पास से करीब 50 बैंक पासबुक मिली थी। ये अधिकतर खाते दतिया के हैं। पूछताछ में ये जानकारी सामने आई है कि आरोपियों ने टेलीग्राम के माध्यम से कई खाते खरीदे थे। एसीपी ने बताया कि टेलीग्राम के माध्यम से खाते खरीदे थे। इसके एवज में खाते देने वाले को कमीशन देने की बात भी सामने आई है। इसकी भी जांच की जा रही है। ये खाते साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल हुए हैं या नहीं ये क्लियर नहीं है। इसमें साइबर फ्रॉड का पैसा आया या ऑनलाइन बेटिंग ऐप का पैसा इसकी जांच की जा रही है। जो पासबुक इनके पास मिली है उसमें जो नाम है वह इनके रिश्तेदार है या कोई ओर है उनका भी पता लगाया जा रहा है। आरोपियों के बैंक खातों की डिटेल के लिए पुलिस ने बैंकों को लेटर लिखे हैं। इनमें से कई खाते फ्रीज हो चुके है, उसमें जो पैसा है उसका इस्तेमाल आरोपी भी नहीं कर पाए। इन खातों में कितना पैसा है इसकी जानकारी निकाली जा रही है।

घटना

**घटना को लेकर रिक्रिएशन** - पूछताछ में ये भी पता चला कि आरोपियों ने भागने के लिए अलग-अलग गाड़ियों का इस्तेमाल किया था। भागने के दौरान वह दो दिन नहाए भी नहीं थे, दो दिन बाद उन्होंने कपड़े बदले। एसीपी ने बताया कि घटना को लेकर रिक्रिएशन किया जाएगा। आरोपी 2 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर है। फिलहाल पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है।

## 1 अप्रैल से 30% महंगी होगी प्रॉपर्टी अंतिम दिनों में रजिस्ट्रियों का बूम

**संवाददाता ● इंदौर**

प्रदेश की कमर्शियल राजधानी इंदौर में वित्तीय साल के अंतिम सप्ताह में अचानक से रजिस्ट्रियों तेजी आई है। केंद्रीय मूल्याकंन कमेटी ने इंदौर से भेजी गई नई गाइडलाइन के प्रस्ताव को मंजूर कर दिया है। इसके चलते 1 अप्रैल से औसतन 30 फीसदी की बढ़ोतरी हो जाएगी और वहीं अब एक अप्रैल से संपदा वन साफ्टवेयर भी बंद हो जाएगा। इनके चलते अंतिम दिनों में पंजीयन विभाग पर जमकर राजस्व बरस रहा है। इंदौर पंजीयन विभाग का तनाव अंतिम सप्ताह ने दूर कर दिया है। बीते साल इंदौर को 2414 करोड़ रुपए का राजस्व मिला था और 1.76 लाख दस्तावेज पंजीबद्ध हुए थे। दोनों ही मामले में इंदौर इन्हें क्रास कर गया है। राजस्व 2540 करोड़ के करीब हो चुका है और दस्तावेज भी 1.77 लाख को पार कर चुके हैं। हालांकि राजस्व अपने लक्ष्य से काफी पीछे हैं, लक्ष्य तीन हजार करोड़ से अधिक का है। लेकिन जिस तरह से रियल एस्टेट में सुस्ती आई है, उसके बीच पंजीयन विभाग का ढाई हजार करोड़ के पार जाना भी उपलब्धि है। पूरे मप्र में ही राजस्व की हालत ठीक नहीं है।



### 68 फीसदी जगह हो रही महंगी

जिले में 46809 लोकेशन है, इसमें 3005 शहरी और 1675 ग्रामीण है। वहीं नई 241 कॉलोनी भी जुड़ रही है। इसमें से करीब 68 फीसदी एरिया एक अप्रैल से महंगा हो जाएगा और औसतन बढ़ोतरी 30 फीसदी करीब है। हालांकि कई जगह पर तो ढाई सौ से तीन सौ फीसदी तक भी प्रॉपर्टी महंगी की गई है। इसमें वह भी गांव शामिल है जहां भू अधिग्रहण होने जा रहा है, यानी पंजीयन विभाग और प्रशासन ने संपदा के रिकार्ड के आधार पर इन बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूर किया है।

# प्रार्थनाएं हमेशा हमारे कल को आज से बेहतर बनाने के लिए होनी चाहिए

प्रा यह देवताओं से आशीर्वाद मांगने; पूर्वजों, माता-पिता और भिक्षुओं को आदरांजलि देने और उनका आशीर्वाद लेने के साथ ही प्रकृति का सम्मान करने का समय है। यह आत्मचिंतन, नवीनीकरण और जीवन को पिछले वर्ष से बेहतर बनाने के लिए नए विचारों के साथ शुरूआत करने का समय है। एक बार जब उन्होंने मेरी भूगोल की किताब उठाई तो उसमें विश्व मानचित्र खोला और मेरी नजरों को महाराष्ट्र से बाईं ओर केरल, फिर धीरे-धीरे तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, फिर उसके दाईं ओर बर्मा, फिर इंडोनेशिया, थाईलैंड, बैंकॉक और अंत में कंबोडिया में ले गईं, जहां दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर स्थित है और कहा, ह्ययह पूरा क्षेत्र फसलों के मौसम के बाद मार्च के अंत से अप्रैल के मध्य तक अपना नया साल मनाता है।ह्ल

आज जब विभिन्न समुदाय गुड़ी पड़वा, उगादि, चेटी चंड मनाने के लिए तैयार हैं, सिंधी परिवार झूलेलाल का आशीर्वाद लेने जा रहे हैं और यह दिन हमेशा जीवंत परंपराओं से चिह्नित होता है, तब मुझे नववर्ष का उत्सव मनाने के लिए अपनी मां की वह व्याख्या याद आ गई। हालांकि हर समुदाय के अपने रीति-रिवाज हैं, लेकिन उत्सव का मूल भाव एक ही है- खुशी और कुछ आश्चर्यों (कुछ दुःख भी) के मिश्रण के साथ नई शुरूआत करना। घरों के बाहर गर्व से झूलती गुड़ियों से लेकर उगादि पचड़ी के तीखे-मीठे स्वाद तक, यह लगभग सभी समुदायों में आम है।

> तमिल में हमारी पचड़ी कच्चे आम और ताजे नीम के फूलों से बनाई जाती है, जो तीखा-मीठा-कड़वा स्वाद देती है। वर्ष के अन्य समय में, यह पचड़ी नीम के फूलों के बिना बनाई जाती है। जब मैंने पूछा कि नीम के फूल को क्यों पचड़ी में मिलाते हैं तो मां ने कहा था, ह्यपचड़ी के स्वास्थ्य लाभ तो हैं ही, और यह कठोर गर्मियों (नागपुर- जहां मैंने अपना बचपन बिताया- में हमेशा भीषण गर्मी पड़ती थी) का सामना करने के लिए प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी मदद करती है।

तमिल में हमारी पचड़ी कच्चे आम और ताजे नीम के फूलों से बनाई जाती है, जो तीखा-मीठा-कड़वा स्वाद देती है। वर्ष के अन्य समय में, यह पचड़ी नीम के फूलों के बिना बनाई जाती है। जब मैंने पूछा कि नीम के फूल को क्यों पचड़ी में मिलाते हैं तो मां ने कहा था, ह्यपचड़ी के स्वास्थ्य लाभ तो हैं ही, और यह कठोर गर्मियों (नागपुर- जहां मैंने अपना बचपन बिताया- में हमेशा भीषण गर्मी पड़ती थी) का सामना करने के लिए प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी मदद करती है। लेकिन साथ ही इसमें जीवन के लिए एक रोचक और गहरा संदेश भी है- यह दशार्ता है कि जीवन भी मीठे (गुड़), खट्टे (कच्चे आम) और कड़वे (नीम के फूल) अनुभवों का मिश्रण है। और यही जीवन को सुखद बनाता है। आज जब मैं इन विचारों पर सोचता हूं तो मुझे उचित ही यह खयाल आता है कि मां ने मुझसे कभी क्यों नहीं पूछा कि तुम जीवन में क्या बनना चाहते हो? ऐसे उत्सव के दिनों में वे हमेशा मुझसे ईश्वर से ऊंचे स्वरों में यह प्रार्थना करने के लिए कहती थीं कि ह्यमुझे इतनी शक्ति दो कि मैं अपने पैरों पर खड़ा हो सकूं और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकूं। मैं हमेशा सोचता था कि चूंकि वे 8वीं के बाद अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाईं, क्योंकि उनके गांव के स्कूल में इसके आगे की सुविधा नहीं थी, इसलिए उन्होंने कभी अपने लिए कोई सपना नहीं देखा और वे उस रास्ते पर चलती रहीं, जहां जीवन उन्हें ले गया- जल्दी शादी और दो बच्चों के साथ एक बड़े परिवार की ओर। लेकिन मैं गलत था।जीवन ने उन्हें जो दिया, उसे उन्होंने स्वीकार किया, लेकिन यह सुनिश्चित भी किया कि उनके परिवार का जीवन बीते कल से बेहतर हो। वे पशु चिकित्सक बनना चाहती थीं, लेकिन गांव में शिक्षा की कमी ने उन्हें एक अलग रास्ता अपनाने पर मजबूर कर दिया। हमारी शाम की बातचीत में वे अकसर अपनी पसंदीदा पुस्तक थिरुक्कुरल की बात करती थीं। 1330 तमिल दोहों वाली यह छोटी-सी पुस्तिका आज भी मेरे पास है। तिरुवल्लुवर द्वारा रचित दोहों में से एक का उल्लेख करते हुए, वे उसमें अपनी खुद की व्याख्या जोड़ते हुए कहती थीं- कोई पेड़- जो अपनी जड़ें अलग-अलग दिशाओं में फैलाता है- की तरह प्रकृति भी जीवन को कम से कम दो अलग-अलग जड़ें लेने की अनुमति देती है।

## संत वचन

मसीह में प्यारे भाइयों और बहनों, आज जब हम सबने पवित्र शास्त्र के वचनों को सुना, तो हम सभी को याद दिलाया गया कि हम में से हर एक को ईसाई होने के नाते, परमेश्वर के पवित्र और प्रिय लोगों के रूप में, अपने प्यारे परमेश्वर और उद्धारकर्ता, प्रभु की शिक्षाओं का पूरे दिल से पालन करना जारी रखना चाहिए, जिन्होंने अपने पुत्र, यीशु मसीह के माध्यम से हमारे प्रति अपना प्रेम प्रकट किया है, अपने प्रेम को हमारे प्रति पूर्ण रूप से और उस तरीके से प्रकट किया है जो हमारे लिए मूर्त और सुलभ है, ताकि हम उनके प्रेम और उद्धार से लाभान्वित हो सकें, और हम अपने जीवन की यात्रा में उनके हमेशा धैर्यपूर्ण मार्गदर्शन और सहायता के बारे में आश्वस्त हो सकें। परिणामस्वरूप, हमें भी अपने आप से सभी नकारात्मक भावनाओं को दूर रखने का प्रयास करना चाहिए।इस प्रकार, प्रभु को ... ..अक्सर इन सभी के कारण अपने मंत्रालय के दौरान बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# सात ऐसे मुद्दे, जो सुर्खियों में नहीं आए पर महत्वपूर्ण हैं

संसद के एक के बाद एक कई सत्र होते चले जाते हैं, लेकिन कुछ ही चीजें बदलती हैं। मसलन, कॉफी के चम्मच सेंट्रल हॉल से हटकर आधुनिक कैफेटेरिया में चले जाते हैं। बजट सत्र खत्म होने के दौरान कुछ सांसदों को सफेद जूते पहने देखा गया। फोटो जर्नलिस्ट्स की पहली पसंद कंगना रनौत हैं। इस सबके दरमियान, लोकसभा और राज्यसभा की अग्रिम पंक्तियों में बैठने वाले बड़ी पार्टियों के सांसद ही खबरों पर हावी होते हैं। किसी अलिखित नियम के चलते, मीडिया द्वारा कवरेज के लिए उठाए जाने वाले मुद्दे राजनीति पर ही केंद्रित होते हैं।

अगर कोई मुद्दा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नहीं है तो उसके सुर्खियों में रहने की संभावना भी कम होती है। लेकिन हाल ही में सांसदों द्वारा उठाए गए सात ऐसे मुद्दे देखें। इन पर चर्चा भले न हुई हो, लेकिन ये नागरिक कल्याण के जरूरी मसले हैं। राजमार्गों पर

**एडिट.नोट**

सड़क हादसे, घनश्याम तिवारी, भाजपा : गत 5 वर्षों में हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं में लगभग 8 लाख लोगों की मृत्यु हुई है। भारत में अप्राकृतिक और असामयिक मौतों में से लगभग आधी सड़क हादसों के कारण होती हैं। संसद में सरकार ने खुद माना है कि सड़क दुर्घटनाओं में 50% की कमी लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में हम विफल रहे हैं। एसिड अटैक पीड़ितों के लिए पुनर्वास, संजय सिंह, आप : पिछले 11 वर्षों में, 200 महिलाएं एसिड अटैक से पीड़ित रही हैं। पीड़ितों को समय पर न्याय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। कुछ मामले तो 20 साल तक चलते रहे हैं। 2015 में, सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक पीड़ितों के लिए मुफ्त इलाज का आदेश दिया था। उन्हें महज 5 लाख रुपया मुआवजा मिलता है। थैलेसीमिया रोगियों को रक्तदान, सागरिका घोष, टीएमसी : भारत में ट्रांसफ्यूजन के लिए स्वस्थ रक्त की खासी किल्लत है। हमें हर साल 14.6 मिलियन यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है और 7 मिलियन यूनिट कम पड़ जाती है। थैलेसीमिया के लगभग डेढ़ लाख रोगी जीवित रहने के लिए ऐसे रक्त पर निर्भर हैं। उनके लिए जीवन रक्षक दवाओं की भी कमी है। असंक्रमित रक्त की पर्याप्त आपूर्ति के लिए स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता है। स्कूल परिवहन की सुरक्षा, फौजिया खान, एनसीपी-एसपी : 2021 के डेटा के अनुसार, स्कूल परिवहन के रूप में उपयोग किए जाने वाले दो में से एक वाहन में सीट बेल्ट, स्पीड गवर्नर या ट्रांसपोर्ट मैनेजर्स नहीं हैं। सर्वेक्षण में शामिल चार में से तीन माता-पिता यह बताने में सक्षम नहीं थे कि स्कूल बसों में जीपीएस और सीसीटीवी सक्रिय हैं या नहीं। वाहनों में सुरक्षा उपकरण और प्राथमिक चिकित्सा किट की भी कमी है। आपातकालीन संपर्क जानकारी का अभाव होता है। स्कूल परिवहन सुरक्षा पर कोई व्यापक नीति नहीं है।

बच्चों में नशे की लत, अजीत गोपछड़े, भाजपाः खास तौर पर गरीब बच्चों में नशे की लत चिंता का विषय बनती जा रही है। ये बच्चे दर्द निवारक बाम, फेविकोल, पेंट, पेट्रोल, डीजल, तारपीन, नेल पॉलिश रिमूवर, कफ सिरप जैसे आसानी से उपलब्ध पदार्थों को नशे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। बच्चों को इन पदार्थों की बिक्री प्रतिबंधित नहीं है। 2022 तक, 10 से 17 वर्ष के बीच के 1.5 करोड़ बच्चे ऐसे पदार्थों के आदी थे। लो-कॉस्ट जीन थेरेपी, हारिस बीरन, आईयूएमएल : स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) एक लाइलाज और दुर्लभ जेनेटिक डिसऑर्डर है, जो देश में सालाना 8,000 से 25,000 लोगों को प्रभावित करता है। यह रीढ़ की हड्डी में नर्व सेल्स को प्रभावित करता है और इलाज न किए जाने पर यह जानलेवा हो सकता है।

**एन. रघुरामन- लेखक**

# अगर आप लीडर हैं या निर्णय लेने वाली कोई अथॉरिटी, तो याद रखें कि उदारता आपकी ताकत है ना कि कमजोरी

जानलेवा कोविड-19 के दौर से गुजरने वाले हम सभी लोग जानते हैं कि कैसे हमने वह समय गुजारा, खासकर मार्च से अगस्त 2020 के बीच का वो समय। इस दौरान न केवल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, बल्कि निजी कंपनियों के कर्मचारियों को भी वेतन कटौती का सामना करना पड़ा। लोकसभा में 3 अगस्त 2021 को प्रस्तुत श्रम पर स्थायी समिति की 25वीं रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी लहर पहली लहर की तुलना में अधिक गंभीर थी। रिपोर्ट में कहा गया कि असंगठित क्षेत्र में ह्यमहत्वपूर्ण आय हानिह्ल हुई, जिससे कमजोर वर्ग और अधिक संकट में आ गए। हम आम नागरिकों ने कभी भी सरकारी निदेशों का इंतजार नहीं किया। हमने अपने घरेलू सहायकों का ध्यान रखा, जिनकी आय बहुत कम थी। और सभी ने सोचा कि सरकारी कर्मचारी हम सबमें से सबसे ज्यादा सुरक्षित और संरक्षित हैं, क्योंकि वही सरकारी अधिकारी और नेतागण हमें अपने कर्मचारियों के प्रति दयालु होने की सलाह दे रहे थे।

लेकिन रेलवे के तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) स्थित केंद्रीय वर्कशॉप में तृतीय श्रेणी तकनीशियन, केरल के नीलांबुर के रहने वाले के. नितीश इतने खुशकिस्मत नहीं थे। नितीश ने अपने बच्चे की बीमारी के कारण 16 से 18 मार्च 2020 तक तीन दिन की छुट्टी ली और अपने गृहनगर चले गए। इसके बाद उन्होंने अपनी छुट्टी को तीन दिन और बढ़ाकर 21 मार्च तक कर लिया, ताकि वह अपने बच्चे की देखभाल कर सकें। उस समय सामान्य बुखार और कोविड-19 बुखार के बीच अंतर समझ पाना मुश्किल था। अफवाहें फैली हुई थीं और लोग चिंतित थे।

तब नितीश ने अपनी छुट्टी को कैजुअल लीव के तहत समायोजित करने का अनुरोध किया था। लेकिन 22 मार्च को कोविड-19 महामारी को रोकने के लिए देशव्यापी कर्फ्यू की घोषणा कर दी गई। इसके बाद 24 मार्च को पूरे देश में लॉकडाउन लागू कर दिया गया। 31 जुलाई 2020 को उन्होंने टैक्सी किराए पर ली और लगभग 400 किमी की यात्रा के लिए पास लेकर तिरुचिरापल्ली लौट आए और ड्यूटी पर रिपोर्ट किया। हालांकि, मेडिकल रिकॉर्ड के अनुसार, उन्हें 14 दिन के क्वारंटाइन की सलाह दी गई थी। कोविड-19 के दौरान के समय को विशेष कैजुअल लीव के तौर पर रखने वाले सरकारी सर्कुलर पर भरोसा करते हुए उन्होंने अपनी अनुपस्थिति को नियमित करने के लिए एक आवेदन दिया। चूंकि वह 22, 23 और 24 मार्च 2020 की अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण नहीं दे पाए, इसलिए उनका अनुरोध खारिज कर दिया गया और उन्हें जबरन रिटायर कर दिया गया। दिलचस्प बात यह है कि महामारी के दौरान तिरुचिरापल्ली वर्कशॉप भी 20 मार्च से 2 जून 2020 तक बंद रही। और हम सब जानते हैं कि ऐसी तनावपूर्ण स्थिति में खबरें तेजी से फैलती हैं और उन्हें वर्कशॉप बंद होने की सूचना भी मिल गई थी। यही कारण है कि नितीश 22 मार्च को काम पर रिपोर्ट नहीं कर सके। मामले में नितीश द्वारा दायर याचिका पर केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, एनार्कुलम बेंच ने सुनवाई करते हुए उनकी सजा कम करते हुए उन्हें निचले वेतनमान पर बहाली का आदेश दिया। उन्हें 48 महीने के लिए सहायक (वर्कशॉप) ग्रेड में वरिष्ठता के निचले स्तर पर डिमोट कर दिया गया था।

फैसले से असंतुष्ट होकर उन्होंने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने मामले की समीक्षा के बाद पाया कि याचिकाकर्ता की अनुपस्थिति जानबूझकर नहीं थी, जिससे इतनी कड़ी सजा उचित नहीं थी। याचिकाकर्ता ने ड्यूटी पर रिपोर्ट करने के लिए 400 किमी की यात्रा की थी, बावजूद इसके कि उसे क्वारंटाइन में रहना पड़ा। और अनुशासनात्मक प्राधिकरण का यह तर्क कि वह 22, 23 और 24 मार्च 2020 की अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण नहीं दे सका, पूरी तरह से अनुचित था। कोर्ट ने सजा को रद्द करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि उसकी तीन दिन की अनुपस्थिति को आकस्मिक अवकाश के रूप में माना जाए और पदोन्नति के सारे लाभ दिए जाएं। फंडा यह है कि अगर आप लीडर हैं या निर्णय लेने वाली कोई अथॉरिटी, तो याद रखें कि उदारता आपकी ताकत है ना कि कमजोरी। और सबसे ज्यादा जरूरत के वक्त उदार रहना अच्छे लीडर का गुण है।

## बिजनेस

**गडकरी ने कहा- हर साल एक्सीडेंट में 69 हजार से ज्यादा मौतें**

# कंपनियों को टू-व्हीलर के साथ 2 आईएसआई हेलमेट देना जरूरी

**नई दिल्ली।**: देश में बिकने वाले हर टू-व्हीलर के साथ अब कंपनियों को 2 क्रक-सर्टिफाइड हेलमेट देने होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में हुए एक ऑटो समिट में की। उन्होंने कहा कि- लोगों की सुरक्षा के लिए ये जरूरी है। टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ळऌटअ) ने इसका समर्थन किया है। ळऌटअ लंबे समय से इसकी मांग कर रहा है।

देश में हर साल एक्सीडेंट में 1.88 लाख मौत भारत में हर साल 4,80,000 से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और इनमें करीब 1,88,000 से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इनमें से 66% मृतक 18 से 45 वर्ष की उम्र के होते हैं। खासकर दोपहिया वाहनों से जुड़े हादसों में हर साल 69,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं, जिनमें से 50% मौतें हेलमेट न पहनने की वजह से होती है। ऊपर बताए गए फैक्ट्स से अंदाजा लगाया जा सकता है कि टू-व्हीलर चलाते समय हेलमेट कितना जरूरी है। हम खबर में आगे जानेंगे कि बिना हेलमेट पहने टू-व्हीलर क्यों नहीं चलाना चाहिए। एक्सीडेंट से बचने के लिए किस तरह का हेलमेट अच्छा रहता है? बिना हेलमेट गाड़ी चलाने पर क्या होता है? जवाबः इसमें दो चीजें होती हैं- पहला एक्सीडेंट और दूसरा चालान। पहली बात- कई लोग सड़क पर चलते समय खुद की बजाय बाइक, स्कूटी को हेलमेट पहना देते हैं तो कई लोग हेलमेट डिग्गी में ही रखे रहते हैं।सोचने की बात है, गाड़ी को हेलमेट क्यों पहनाना। उसे तो कंपनी ने लोहा-लाट बनाया होता है। वहीं दिमाग में 10 लाख न्यूरॉन हैं, जिन्हें सुरक्षा की जरूरत है। तो जनाब, हेलमेट की जरूरत बाइक के हैंडल को नहीं, आपके सिर को है। दूसरी बात- सड़क पर बिना हेलमेट पहने गाड़ी चलाने पर ट्रैफिक पुलिस आपको रोककर स्कूटी-बाइक किनारे लगाने को कह सकती है। अगर आप भागने की कोशिश करते हैं तो यह आपके लिए डेंजरस हो सकता है और आपको कहीं ज्यादा सजा भुगतनी पड़ सकती है।इसके बाद आपको ट्रैफिक पुलिस को डॉक्यूमेंट्स दिखाना होगा। चालान भरना होगा। जेब ढीली होगी और फजीहत होगी सो अलग।कई बार हम हेलमेट तो खरीद लेते हैं, लेकिन शरीर की सुरक्षा के लिए नहीं बल्कि चालान से बचने के लिए। तो कई दफा लोग ठगी का शिकार भी हो जाते हैं। हेलमेट तो खरीदते हैं, लेकिन जानकारी न होने कि वजह से हल्का और लोकल क्वालिटी का खरीद लेते हैं, जो एक बार गिरने पर खुद ही टूट जाता है। ये भला एक्सीडेंट से क्या ही बचाएगा इसलिए हेलमेट खरीदते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**राज-काज**

## सोना 995 रुपए महंगा होकर 89,164 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (क्चखअ) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 22 मार्च को सोना 88,169 रुपए पर था, जो अब (29 मार्च) को 89,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 995 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 97,620 रुपए पर थी, जो अब 1,00,892 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 3,272 रुपए बढ़ी है। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए और सोने ने 89,306 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,350 रुपए है।

# यस बैंक को 2,209 करोड़ का इनकम-टैक्स डिमांड नोटिस मिला

**मुंबई।** यस बैंक को असेसमेंट ईयर 2019-20 के लिए 2,209 करोड़ रुपए का इनकम टैक्स डिमांड नोटिस मिला है। बैंक ने एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी। यस बैंक का मानना है कि यह डिमांड गलत है। यस बैंक ने कहा है कि उसे असेसमेंट ईयर 2019-20 के लिए इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 144 के तहत 30 सितंबर 2021 को एक आदेश मिला था। इसमें बैंक को पहले दाखिल इनकम टैक्स रिटर्न में क्लेम किए गए रिफंड के अनुरूप रिफंड प्रदान किया गया था। संबंधित असेसमेंट ईयर को अप्रैल 2023 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने री-ओपन किया।

डिपार्टमेंट की नेशनल फेसलेस असेसमेंट यूनिट ने 28 मार्च 2025 को री-असेसमेंट ऑर्डर पास किया था। इसमें कोई एडिशनल डिस-अलाउंस/एडिशंस नहीं किए गए हैं। यानी जिन ग्राउंड पर री-असेसमेंट कार्यवाही शुरू की गई थी, उन्हें छोड़ दिया गया है। इस तरह एक्ट के सेक्शन 144 के तहत पास ओरिजिनल असेसमेंट ऑर्डर में जिस कुल इनकम को असेस किया गया, वही री-असेसमेंट ऑर्डर में भी बरकरार रही। नतीजतन बैंक के खिलाफ इनकम टैक्स की कोई मांग नहीं उठाई जानी चाहिए थी।यस बैंक ने आगे कहा, 'इसके बावजूद, एक्ट के सेक्शन 156 के तहत जारी कंप्यूटेशन शीट और डिमांड नोटिस में ब्याज समेत 2,209.17 करोड़ रुपए की इनकम टैक्स डिमांड की गई है। यह पहली नजर में बिना किसी बेसिस के की गई डिमांड लगती है।'

## आदेश का फाइनेंशियल्स पर कोई असर नहीं होगा

बैंक का मानना है कि उसके पास इस मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से सर्टिफाई करने के लिए पर्याप्त आधार हैं। यस बैंक लागू कानून के तहत इस री-असेसमेंट ऑर्डर के खिलाफ अपील और कार्यवाही करेगा। बैंक ने यह भी कहा है कि इस आदेश के कारण उसके फाइनेंशियल्स, ऑपरेशंस और अन्य एक्टिविटीज पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है।

**यस बैंक का शेयर एक साल में 31% गिरा-** यस बैंक का शेयर शुक्रवार को 2.38% की गिरावट के साथ 16.85 रुपए पर बंद हुआ। बैंक का मार्केट कैप 53.20 हजार करोड़ रुपए है। पिछले 6 महीनों में शेयर की कीमत 25% और साल 2025 में अभी तक लगभग 15% नीचे आई है। एक साल में कंपनी का शेयर 31% गिरा है। बैंक में पूरी 100% हिस्सेदारी पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास है।

# इंडिगो पर 944.20 करोड़ का जुमार्ना: इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने पेनाल्टी ऑर्डर भेजा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को आयकर विभाग ने 944.20 करोड़ रुपए का पेनाल्टी ऑर्डर भेजा है। कंपनी ने रविवार को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि 2021-22 असेसमेंट ईयर के लिए इनकम टैक्स एक्ट 270अ के तहत ये पेनाल्टी लगाई गई है। इसके साथ चेन्नई के संयुक्त आयकर आयुक्त ने कंपनी पर 2.84 करोड़ रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। इंडिगो ने इनकम टैक्स की पेनाल्टी को बेबुनियाद बताया है। कंपनी ने कहा कि सेक्शन 143(3) के तहत असेसमेंट ऑर्डर के खिलाफ दायर अपील अभी पेंडिंग है, लेकिन टैक्स अधिकारियों ने इसे खारिज मानकर जुमार्ना लगा दिया।

कंपनी ने आगे बताया कि वह इस मामले में कानूनी रास्ता अपनाएगी और इस ऑर्डर को चुनौती देगी। पेनाल्टी का रेवेन्यू, ऑपरेशन या बिजनेस पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। इससे पहले ऋहळ और कस्टम डिपार्टमेंट भी लगा चुके जुमार्ना 5 फरवरी को ऋहळ डिपार्टमेंट से इंडिगो को 116 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस मिला था। तब कंपनी पर दिल्ली और चेन्नई के अधिकारियों ने इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़ी गड़बड़ी का आरोप लगाया था।

15 जनवरी को कस्टम विभाग ने जेट फ्यूल पर अतिरिक्त शुल्क के मामले में 25 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। 6 जनवरी को विमान के पार्ट्स के आयात पर 2.17 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया था।इंडिगो का शेयर शुक्रवार को 0.54% की गिरावट के साथ 5,100 रुपए पर बंद हुआ। इंडिगो ने पिछले एक महीने में 13.91%,छह महीने में 6.53% का रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैपिटल 1.98 लाख रुपए है।

## इंडिगो से फरवरी में 89.4 लाख लोगों ने यात्रा की

फरवरी में इंडिगो एयरलाइन से सबसे ज्यादा यात्रियों ने सफर किया। इंडिगो से 89.4 लाख यात्रियों ने ट्रैवल किया। इसके बाद एयर इंडिया ग्रुप की फ्लाइट्स में 38.3 लाख यात्री बैठे। तीसरे नंबर पर अकासा एयर के साथ 6.58 लाख यात्रियों में ट्रैवल किया। इंडिगो का मार्केट शेयर सबसे ज्यादा 63.7%



गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डे पर एनडीआरएफ के जवान म्यांमार के भूकंप प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री लेकर रवाना होने की तैयारी कर रहे हैं।

### 57 ई.पू. में आरम्भ हुआ हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत्

# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी नववर्ष-गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश वासियों को नववर्ष विक्रम संवत् 2028 और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दी हैं। इस वर्ष 30 मार्च 2025 (दिन रविवार) से हिन्दू नववर्ष यानि नव संवत्सर 2082 शुरू हो रहा है। गुड़ी पड़वा के दिन हिन्दू नव संवत्सरारम्भ माना जाता है। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को गुड़ी पड़वा या वर्ष प्रतिपदा भी कहा जाता है। इस दिन हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् का आरम्भ होता है। विक्रम संवत् का आरम्भ 57 ई.पू. में हुआ था।

**गुड़ी पड़वा**

**इसी दिन से प्रारंभ हुई काल गणना** – इसी प्रतिपदा के दिन आज से 2081 वर्ष पूर्व उज्जयनी नरेश महाराज विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांत शकों से भारत-भू का रक्षण किया और इसी दिन से काल गणना प्रारंभ की। उपकृत राष्ट्र ने भी उन्हीं महाराज के नाम से विक्रमी संवत कह कर पुकारा। महाराज विक्रमादित्य ने राष्ट्र को सुसंगठित कर शकों की शक्ति का उन्मूलन कर देश से भगा दिया और उनके ही मूल स्थान अरब में विजयश्री प्राप्त की। साथ ही यवन, हूण, तुषार, पारसिक तथा कंबोज देशों पर अपनी विजय ध्वजा फहराई। उसी के स्मृति स्वरूप यह प्रतिपदा संवत्सर के रूप में मनाई जाती है।

## 'गुड़ी' का अर्थ 'विजय पताका'

कहते हैं कि मराठी राजा शालिवाहन ने मिट्टी के सैनिकों की सेना से प्रभावी शत्रुओं (शक) का पराभव किया। इस विजय के प्रतीक रुप में शालिवाहन शक का प्रारंभ इसी दिन से होता है। 'युग' और 'आदि' शब्दों की संधि से बना है 'युगादि'। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 'उगादि' और महाराष्ट्र में यह पर्व ' गुढी पाडवा ' अर्थात् मराठी नववर्ष के रुप में मनाया जाता है। इसी दिन चैत्र नवरात्रि का प्रारम्भ होता है। कहा जाता है कि इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था। इसमें मुख्यतया ब्रह्माजी और उनके द्वारा निर्मित सृष्टि के प्रमुख देवी-देवताओं, यक्ष-राक्षस, गंधर्व, ऋषि-मुनियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों और कीट-पतंगों का ही नहीं, रोगों और उनके उपचारों तक का भी पूजन किया जाता है। इसी दिन से नया संवत्सर शुरु होता है। अत: इस तिथि को 'नवसंवत्सर' भी कहते हैं। चैत्र ही एक ऐसा महीना है, जिसमें वृक्ष तथा लताएं पल्लवित व पुष्पित होती हैं। शुक्ल प्रतिपदा का दिन चंद्रमा की कला का प्रथम दिवस माना जाता है। जीवन का मुख्य आधार वनस्पतियों को सोमरस चंद्रमा ही प्रदान करता है। इसे औषधियों और वनस्पतियों का राजा कहा गया है। इसीलिए इस दिन को वर्षारम्भ माना जाता है। 'उगादि' के दिन ही पंचांग तैयार होता है।



महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने इसी दिन से सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीना और वर्ष की गणना करते हुए 'पंचांग' की रचना की। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को महाराष्ट्र में गुड़ी पाड़वा कहा जाता है। यह भी मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीराम ने वानरराज बाली के अत्याचारी शासन से दक्षिण की प्रजा को मुक्ति दिलाई। बाली के त्रास से मुक्त हुई प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज (ग़ुड़ियां) फहराए। आज भी घर के आंगन में ग़ुड़ी खड़ी करने की प्रथा महाराष्ट्र में प्रचलित है। इसीलिए इस दिन को गुढीपाडवा नाम दिया गया। इसलिये इसे मराठी नया साल भी कहते हैं। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश में घरों में 'पच्चड़ी/प्रसादम' तीर्थ के रुप में बांटा जाता है। कहा जाता है कि इसका निराहार सेवन करने से मानव निरोगी बना रहता है। महाराष्ट्र में पूरन पोली या मीठी रोटी बनाई जाती है। इसमें जो चीजें मिलाई जाती हैं वे हैं--गुड़, नमक, नीम के फूल, इमली और कच्चा आम। गुड़ मिठास के लिए, नीम के फूल कड़वाहट मिटाने के लिए और इमली व आम जीवन के खट्टे-मीठे स्वाद चखने का प्रतीक होती हैं। नौ दिन तक मनाया जाने वाला यह त्यौहार दुर्गापूजा के साथ-साथ, रामनवमी को राम और सीता के विवाह के साथ सम्पन्न होता है।

## चैत्र नवरात्र का अपना महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों को नवसंवत्सर , चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा और चेटीचंड की बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत से प्रारंभ होता है। अंग्रेजी कैलेंडर के प्रचलन के बाद भी हमारी संस्कृति से जुड़े नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा पर्व, चेटीचंड के त्योहार और चैत्र नवरात्र का अपना महत्व है। भारतीय समाज का बहुत बड़ा हिस्सा इन मंगल पर्वों को उल्लासपूर्वक मनाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नव संवत्सर 2082 का आरंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी प्रदेशवासियों को पर्व, त्योहारों की बधाई देते हुए प्रदेश के विकास के यज्ञ में सहभागिता की अपेक्षा भी की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्पूर्ण प्रदेश में इन पर्व-त्योहारों पर हो रहे पारिवारिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों की सफलता की कामना की है।

## शॉट न्यूज

### महिला आरक्षक को लेफ्टिनेंट कर्नल पर धमकाने का आरोप

**भोपाल**। महिला आरक्षक के साथ सेना के जिस लेफ्टिनेंट कर्नल ने रेप किया, अब वह एफआईआर दर्ज होने के बाद राजीनामा का दबाव बना रहा है। इसकी शिकायत पीड़िता ने कमला नगर थाने में की है। पुलिस ने शिकायत आवेदन को रिसीव कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का दावा है कि शिकायत से जुड़ी वॉट्सऐप चैट भी उन्होंने पुलिस को सौंप दी है। शिकायत के दौरान पुलिस को पीड़िता ने बताया था कि दोनों के बीच पिछले 13 सालों से संबंध थे। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ कई बार ज्यादती की। अब आरोपी शादी की बात से मुकर गया है। पीड़िता ने जब शादी न करने की वजह की पड़ताल की तो आरोपी द्वारा पहले से शादीशुदा होने की जानकारी मिली।

### लेडी डॉक्टर ने सुसाइड किया

**ग्वालियर**। ग्वालियर के गजराराजा मेडिकल कॉलेज के जमुना हॉस्टल में शनिवार रात मेडिकल छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका जयारोग्य अस्पताल (JAH) के न्यूरोलॉजी विभाग से डीएम (डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन) की पढ़ाई कर रही थी। इससे पहले वह एमडी कर चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच के बाद शव को मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया। डॉ. रेखा रघुवंशी (31) अशोकनगर की रहने वाली थी। हॉस्टल की अन्य छात्राओं के मुताबिक शनिवार रात में डॉ. रेखा ने खाना खाया, फिर स्टडी करने के बाद सोने चली गई। देर रात करीब 12 बजे जब क्लास मेट रूम में पहुंची तो देखा कि रेखा रेलिंग से बंधे फंदे पर लटकी हुई थीं। उसने पाया कि रेखा की मौत हो चुकी है। छात्रा ने फौरन हॉस्टल वॉर्डन को इसकी सूचना दी।

### युवक बोला- पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं

**जबलपुर**। जबलपुर में एक युवक ने पत्नी की प्रताड़ना का जिक्र करते हुए वीडियो बनाया और परिवार को भेजने के बाद लापता हो गया। इसके बाद से उसकी पत्नी भी लापता है। पुलिस ने दोनों की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आधारताल के निर्भय नगर निवासी आनंद दुबे प्राइवेट नौकरी करता है। चार साल पहले उसकी शादी निभा दुबे से हुई थी। कुछ दिन तक सबकुछ ठीक था, लेकिन फिर पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ने लगे। पारिवारिक झगड़ों के चलते आनंद मानसिक तनाव में रहने लगा। आनंद का वीडियो मिलने के बाद परिवार ने उसे खोजने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। इसी दौरान जब पत्नी निभा को इस घटना की जानकारी मिली तो वह भी घर छोड़कर लापता हो गई। उसका भी फोन स्विच ऑफ आ रहा है।

## मां राजराजेश्वरी मंदिर में घट स्थापना, माता का हुआ विशेष श्रृंगार

**संवाददाता ● भोपाल**

शाजापुर में चैत्र नवरात्रि पर्व की रविवार को भव्य शुरुआत हुई। मां राजराजेश्वरी मंदिर में फूलों से आकर्षक सज्जा की गई। माता का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से घट स्थापना की गई। शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त माता की आरती में शामिल हुए। जनप्रतिनिधि, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी आरती में उपस्थित रहे। दिनभर मंदिर में भक्तों का आना-जाना जारी रहा।

पंडित अनिरुद्ध नागर ने बताया कि नवरात्रि में मां दुर्गा अपने नौ रूपों में पृथ्वी पर निवास करती हैं। वे भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। यह पर्व घट स्थापना से शुरू होकर नवमी को कन्या पूजन के साथ समाप्त होता है। नौ दिनों तक गाय को चारा खिलाने और पूजा का विशेष महत्व है। पंडित आशीष नागर के अनुसार, इस बार का नवरात्रि विशेष है। मां हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। यह सुख-शांति का प्रतीक है। मान्यता है कि ऐसे में वर्षभर अच्छी बारिश होती है। यह किसानों और शहरवासियों के लिए शुभ संकेत है। गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि पर हवन किया गया। रूपामाता मंदिर, बिजासन माता मंदिर और चामुंडा माता मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। साथ ही 15 दिवसीय मेले की भी शुरुआत हुई। इस

**घट स्थापना**



मेले में शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लाखों लोगों के आने की उम्मीद है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत से ही शाजापुर के मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में 15 दिवसीय मेले की भी शुरुआत हो गई है। मेले में दूर दराज से दुकानदार आए हुए हैं और यहां बच्चों के खेल खिलौने मनोरंजन के समान के साथ ही झूले आदि भी लगाए गए हैं। इसके साथ ही घर गृहस्ती का सामान भी इस मेले में उपलब्ध है। मेले में जिले भर के लोग बड़े उत्साह के साथ आते हैं और मां राजराजेश्वरी के दर्शन पूजन का लाभ भी लेते हैं।

## सिर में डंडा मारकर युवक से सरेराह लूट

### स्टेशन के करीब यात्री को बनाया निशाना

**संवाददाता ● भोपाल**

अल्पना तिराहा पुलिस चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर यात्री से लूट का मामला सामने आया है। हरे रंग के ऑटो से आए तीन बदमाशों ने युवक को रोका। उससे नकदी और मोबाइल देने की बात कही। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने सिर में डंडा मार दिया। इसके बाद मोबाइल छीनकर भाग निकले। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 100 से लहूलुहान युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। फरियादी बसंत प्रताप सिंह राजपूत ने बताया कि वह विदिशा के रहने वाले हैं। वहीं किसानी करते हैं, घूमने के इरादे से शनिवार की सुबह भोपाल आए थे। यहां करोंद में रहने वाले दोस्त के साथ घूमे और रात के समय घर निकलने के लिए भोपाल स्टेशन जा रहे थे। रात करीब 7:35 बजे अल्पना तिराहा पुलिस चौकी के करीब हरे रंग के ऑटो में सवार तीन युवक आए। उन्होंने ऑटो खड़ा किया और दो युवक मेरे करीब आए। आरोपियों ने मोबाइल पर्स देने की मांग की। मैने विरोध किया इसी बीच एक बदमाश ने ऑटो से डंडा निकाला और सिर में मार दिया। इससे सिर में चोट आई, बदमाशों ने जेब से मोबाइल निकाला और फरार हो गए। घटना के समय चौकी पर मौजूद प्रधान आरक्षक धर्मचंद्र खत्री और उनके साथी को मामले की भनक तक नहीं लगी। हालांकि घटना के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों ने पुलिस जवानों को सूचना दी। तब पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 100 को बुलाया, इसके बाद युवक को इलाज के लिए रवाना किया।

### जयकारों के बीच हर्षोल्लास से मनाया चैतीचांद महोत्सव

## भक्ति और आस्था के साथ निकली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा



**संवाददाता ● भोपाल**

चैतीचांद महोत्सव के पावन अवसर पर विजयनगर उत्थान सिंधी पंचायत, लालघाटी द्वारा भगवान झूलेलाल जी के अवतरण दिवस पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा श्री गंगा हरि सेवा धाम दरबार, विजय नगर लालघाटी से प्रारंभ होकर विजय नगर, वल्लभनगर, ओम नगर एवं सावन नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति-भाव में लीन होकर भगवान झूलेलाल जी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान झूलेलाल जी का स्वागत किया।

**पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण** – इस पावन अवसर पर विधि-विधान से भगवान झूलेलाल जी की पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

### भगवान झूलेलाल जी की महिमा

भगवान झूलेलाल जी सिंधी समाज के आराध्य देवता माने जाते हैं। वे जल देवता के रुप में पूजे जाते हैं और समाज को एकता, भक्ति और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। चैतीचांद पर्व उनके जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। उनका जन्म विक्रम संवत 1007 में सिंध प्रदेश (वर्तमान पाकिस्तान) में हुआ था। इस अवसर पर सिंधी समाज विशेष रुप से पूजा-अर्चना करता है और शोभायात्रा निकालकर उनकी महिमा का गुणगान करता है। कार्यक्रम की सफलता में समस्त सिंधी समाज का योगदान रहा, जिन्होंने इस पावन अवसर को उल्लास एवं भक्ति भाव से मनाया।

इस आयोजन में विजय नगर सिंधी उत्थान पंचायत के संरक्षक रमेश भंभानी, मुख्य सलाहकार हीरानंद गनवानी, अध्यक्ष कैलाश शर्मा, वासुदेव जेठानी, इंद्रदास मेघानी एवं आनंद सबधानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## मप्र के तापमान गिरावट, गर्मी से मिली राहत

**संवाददाता ● इंदौर**

मध्य प्रदेश के मौसम लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां पहले तेज गर्मी से लोग परेशान हो रहे थे। वहीं पिछले दो दिन से तापमान में गिरावट हुई है। अप्रैल के पहले सप्ताह में ओले, बारिश और आंधी का अलर्ट है। 1 और 2 अप्रैल को भोपाल, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम समेत प्रदेश के पूर्वी हिस्से रीवा, शहडोल संभाग में भी बारिश हो सकती है। कुछ जिलों में ओले गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से मौसम बदल सकता है। 30 मार्च को दिन-रात के तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होगी।

**मौसम**



भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर में दिन का पारा 35-36 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रह सकता है। रात में भी पारा कम ही रहेगा।

### नर्मदापुरम में 40 डिग्री रहा तापमान

शनिवार को नर्मदापुरम में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बाकी शहरों में भी पारे में गिरावट हुई। मौसम विभाग के अनुसार, टीकमगढ़ में 38.7 डिग्री, खरगोन में 38.2 डिग्री, नरसिंहपुर में 38 डिग्री, मलाजखंड (बालाघाट) में 37.2 डिग्री और खंडवा में 37.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 34.5 डिग्री, इंदौर में 34.3 डिग्री, ग्वालियर में 33.2 डिग्री, उज्जैन-जबलपुर में 35 डिग्री तापमान रहा। अप्रैल महीने की शुरुआत में भले ही बारिश और ओले का अलर्ट जारी किया गया है, लेकिन इसके बाद लू का असर रह सकता है। मालवा-निमाड़ यानी इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू चलने की संभावना ज्यादा है, जिनमें रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, धार शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सामान्यत: दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है।

## बारह साल बाद होंगे साढ़े चार हजार पैक्स के चुनाव

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई है। मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी ने ये चुनाव 5 मई से सितंबर तक कराने का निर्णय लिया है। इससे पहले यह चुनाव 2013 में हुए थे और तब से अब तक पैक्स के चुनाव नहीं हो पाए थे। इसके लिए मतदाता सूची तैयार करने का काम तेजी से शुरू हो गया है। 14 मई को सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी ने चुनाव कार्यक्रम एक साल पहले जारी किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसे टाल दिया गया था। अब, प्रदेश की 4531 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में अध्यक्ष और सदस्यों के चुनाव किए जाएंगे। यह चुनाव किसानों के जरिए किए जाते हैं। चुनाव चार चरणों में होंगे और इस प्रक्रिया के तहत समितियों और बैंकों में संचालक मंडल का गठन किया जाएगा। वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव से पहले जबलपुर में चुनाव को लेकर एक याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने दिसंबर 2023 में चुनाव कराने के निर्देश दिए, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण चुनाव प्रक्रिया में और देरी हुई। चुनाव न होने के कारण समितियों और बैंकों में नीतिगत निर्णय नहीं लिए जा पा रहे हैं। किसानों से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, समितियों के विस्तार और कारोबार में भी निर्णय समय पर नहीं हो पा रहे हैं। प्रशासक केवल प्रशासनिक कामों पर ध्यान देते हैं।

### साइज के हिसाब से हॉस्पिटल की फीस, 3 हजार करोड़ का बजट

## प्रॉपर्टी-पानी पर टैक्स बढ़ा सकती है 'शहर सरकार'

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल में 'शहर सरकार' प्रॉपर्टी और पानी पर टैक्स बढ़ा सकती है। यदि टैक्स बढ़ता है तो यह मौजूदा परिषद में पहली बार होगा। तीन साल पहले जलकर बढ़ा था, तब तत्कालीन निगम कमिश्नर केवीएस चौधरी कोलसानी ने बजट पेश किया था, जबकि भोपाल संभागायुक्त गुलशन बामरा ने उसे पास किया था। जलकर 15% यानी, 30 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। अबकी बार भी 10% तक जलकर बढ़ सकता है। जलकर बढ़ाए जाने की तस्वीर 3 अप्रैल को होने वाली बजट बैठक में ही साफ हो सकेगी, क्योंकि विपक्ष जल कर बढ़ाने का विरोध कर रहा है। दूसरी ओर, निगम के जिम्मेदार आर्थिक तंगी का हवाला दे रहे हैं। जल कर

**टैक्स**



के अलावा प्रॉपर्टी टैक्स में भी 10 से 15% तक की बढ़ोतरी संभव है। हालांकि, बजट और बैठक में लिए जाने वाले निर्णय को पूरी तरह से गोपनीय रखा जा रहा है। इसे लेकर एक गोपनीय बैठक भी होगी।

'शहर सरकार' का पिछला बजट कुल 3353 करोड़ रुपए का पेश हुआ था। इस बजट में कोई भी टैक्स नहीं बढ़ाया गया था। तब भी जल कर बढ़ाने की संभावना थी, पर विरोध के चलते ऐसा नहीं हो सका था। अवैध से वैध हुई कॉलोनियों में विकास कार्य कराए जाने के लिए करोड़ों रुपयों का प्रावधान जरूर किया गया था। वहीं, डोर-टू-डोर कचरा इकट्ठा करने के लिए इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का प्रावधान भी था। इस प्रस्ताव के तहत निगम ने 100 से अधिक इलेक्ट्रिक रिक्शा खरीदे हैं।

प्रॉपर्टी टैक्स में जितनी राशि मिलेगी, उसमें से 50% उसी वार्ड में खर्च होंगी।कंवेंशन सेंटर 10 करोड़ रुपए और तालाबों को संवारने के लिए 5 करोड़ रुपए खर्च करने के प्रस्ताव भी बनाए थे। वहीं, राजधानी की सभी मुख्य सड़कों पर हरिगेज गेट बनाने का प्रस्ताव था। इस पर अमल नहीं हुआ है। निगम कर्मियों के 10वीं और 12वीं की मैरिट लिस्ट में आने वाले बच्चों को 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव का अमल में लाया जा चुका है। 3 अप्रैल को होने वाली बैठक में एक और प्रस्ताव निगम मुख्यालय की बिल्डिंग को लेकर आएगा। लिंक रोड नंबर-2 पर बन रही बिल्डिंग में पूर्व में 33.27 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे।

### ऐसे समझे भोपाल में पानी की बढ़ीं कीमतें

शहर में पौने 3 लाख से ज्यादा नल कनेक्शन हैं। इनमें 2 लाख कनेक्शन 2400 स्क्वायर फीट या इससे कम एरिये वाले मकानों में लगे हैं। करीब 25 हजार कनेक्शन 2400 स्क्वायर फीट एरिये वाले मकानों में लगे हैं। बाकी गरीब वर्ग के घरों में कनेक्शन हैं। जिन लोगों के मकान 2400 स्क्वायर फीट तक एरिये में बने हैं, उनसे 210 रुपए प्रतिमाह लिए जा रहे हैं। तीन साल पहले प्रतिमाह 30 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी। जिनके मकान 2400 स्क्वायर फीट से अधिक एरिये में बने हैं, वे 300 रुपए प्रतिमाह चुका रहे हैं। गरीब वर्ग के लोगों को 30 रुपए प्रतिमाह की जल प्रभार शुल्क देना पड़ रहा है।

ChatGPT से Grok तक

# इन 5 AI टूल्स के बिना आपका काम अधूरा रह सकता है!



कुणाल वानखेड़े
डिज़ाइनर/ इंजीनियर
तकनीकी पत्रकार

जब एआई को काम में लेने की बात आती है, तो हमारे पास कई विकल्प मौजूद होते हैं। इस लेख में, हम पाँच प्रचलित एआई टूल्स के विशिष्ट कार्यों और उनकी उपयोगिता को समझेंगे और जानेंगे कि ये आपके काम में कैसे सहायक हो सकते हैं।

ये पाँच टूल्स हैं – चैट जीपीटी (ChatGPT), परप्लेक्सिटी एआई (Perplexity AI), क्लॉड (Claude), डीपसीक (DeepSeek) और ग्रोक (Grok)।

**चैट जीपीटी (ChatGPT): बहुमुखी वार्ताकार (विकसितकर्ता: OpenAI)**

OpenAI द्वारा विकसित यह टूल 2023 में सबसे पहले बाजार में आया। यह मानव-लिखित शैली में टेक्स्ट जनरेट करने, नए विचारों पर सोचने और विभिन्न भाषाओं में संवाद करने में सक्षम है। इसकी ये खूबियाँ इसे ईमेल लिखने से लेकर गहन शोध तक कई कार्यों में उपयोगी बनाती हैं।

**उपयोगिता**

**मार्केटिंग कॉपी और ईमेल तैयार करना**

**नोट्स और रिपोर्ट को सारांशित करना**

लेखन कार्य और रचनात्मक लेखन में मदद करना

हालाँकि, इसकी प्रतिक्रियाओं की सत्यता को जांचने की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि यह कभी-कभी त्रुटिपूर्ण जानकारी भी प्रदान कर



सकता है।

**परप्लेक्सिटी एआई (Perplexity AI) शोध विशेषज्ञ**

यह टूल तेजी से जानकारी खोजने और उसके स्रोतों को सत्यापित करने में बेहद उपयोगी है। पारंपरिक सर्च इंजनों के विपरीत, यह सीधे विश्वसनीय स्रोतों के साथ उत्तर प्रदान करता है, जिससे यह पत्रकारों, शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए अमूल्य साबित होता है।

**उपयोगिता**

फैक्ट-चेकिंग और डेटा सत्यापन शोध-पत्र और रिपोर्ट के लिए सटीक जानकारी प्राप्त करना किसी विषय पर गहन अध्ययन के लिए मददगार।

**क्लॉड (Claude): गोपनीयता-केंद्रित सहयोगी**

यह टूल बड़े दस्तावेजों (लगभग 300 पृष्ठों तक की रिपोर्ट) का विश्लेषण करके सारांश देने में सक्षम है। अपनी मजबूत डेटा सुरक्षा के कारण, यह स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय उद्योगों के लिए आदर्श है, जहाँ गोपनीयता महत्वपूर्ण होती है।

**उपयोगिता**

गोपनीय डेटा का सुरक्षित विश्लेषण

बड़े टेक्स्ट डॉक्युमेंट्स को आसानी से सारांशित करना

प्रोग्रामिंग और तकनीकी दस्तावेजों के लिए सहायक

**डीपसीक (DeepSeek): डेटा जासूस**

चीनी स्टार्टअप द्वारा विकसित यह टूल उन लोगों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें तेज़ और सटीक जानकारी की आवश्यकता होती है। यह उन्नत सिमेंटिक सर्च तकनीक का उपयोग करता है, जिससे यह सिर्फ कीवर्ड के बजाय संदर्भ को समझकर उत्तर देता है।

**उपयोगिता**

कानूनी शोध और तकनीकी विश्लेषण

ई-कॉमर्स ट्रेंड्स का विश्लेषण

डेटा-संचालित निर्णय लेने में मदद

**ग्रोक (Grok): रचनात्मक विशेषज्ञ**

(विकसितकर्ता: xAI - एलन मस्क की कंपनी)

Grok वास्तविक समय की घटनाओं का विश्लेषण करने में सक्षम है और यह (ट्विटर) से जुड़ा हुआ है। यह टूल उन कठिन और विवादास्पद प्रश्नों के उत्तर देने में भी सक्षम है, जिनसे अन्य एआई टूल्स बचते हैं। इसे एक मज़ाकिया और दिलचस्प संवाद शैली दी गई है, जिससे बातचीत अधिक रोचक बनती है।

**उपयोगिता**

वास्तविक समय में हो रही घटनाओं की जानकारी प्राप्त करना

क्रिएटिव और अनूठे उत्तर प्रदान करना

सोशल मीडिया ट्रेंड्स और लाइव अपडेट्स का विश्लेषण

**संक्षिप्त तुलना: किस कार्य के लिए कौन-सा टूल?**

| कार्य | अनुशंसित टूल | कारण |
|---|---|---|
| रचनात्मक लेखन जनरेशन | ChatGPT | बहुमुखी टेक्स्ट |
| तथ्य-जांच और शोध | Perplexity AI | स्रोत-समर्थित उत्तर |
| संवेदनशील डेटा हैंडलिंग | Claude | गोपनीयता सुरक्षा |
| डेटा-आधारित शोध | DeepSeek | संदर्भ-संगत विश्लेषण |
| वास्तविक जानकारी | Grok | लाइव डेटा इंटीग्रेशन |

**निष्कर्ष**

AI टूल्स हमारे काम को तेज, आसान और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करते हैं। सही टूल का चुनाव आपकी आवश्यकताओं पर निर्भर करता है—चाहे आपको रचनात्मक लेखन, शोध, डेटा सुरक्षा, विश्लेषण या वास्तविक समय की जानकारी की जरूरत हो, ये टूल्स आपके लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं।

अब सवाल यह है – आप अपने कार्य को और अधिक उत्पादक बनाने के लिए किस AI टूल का उपयोग करेंगे?



नवरात्रि में मांस बिक्री पर प्रतिबंध की मांग पर बोले

# 'अनावश्यक माहौल न बनाया जाए' : मोहन यादव

जैसे-जैसे नवरात्रि का पावन पर्व नजदीक आ रहा है, देश के कई हिस्सों में मांस और मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग तेज हो गई है। इस विषय पर टाइम्स नाउ समिट 2025 में वक्ता के रूप में मौजूद मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री मोहन यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर खुले में मांस बेचना स्वास्थ्य और स्वच्छता दोनों के लिए उचित नहीं है। मुख्य मंत्री मोहन यादव ने कहा, 'फूड सेफ्टी कानून पहले से ही मौजूद है। खुले में कोई भी खाद्य पदार्थ बेचना, चाहे वह शाकाहारी हो या मांसाहारी, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। खासकर नॉनवेज के लिए तो निश्चित रूप से साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।' जब उनसे विशेष रूप से यह पूछा गया कि क्या नवरात्रि के दौरान मांस की बिक्री पूरी तरह से बंद कर देनी चाहिए, तो उन्होंने जवाब दिया, 'ऐसा कोई बैन नहीं है, लेकिन यह सही है कि मीट की बिक्री एक निश्चित कवर्ड एरिया में होनी चाहिए। जिसे खाना है, वह खाए, लेकिन दूसरों को इसे अनावश्यक रूप से दिखाने की कोई जरूरत नहीं है। फालतू तमाशा क्यों किया जाए?'

**यूसीसी पर भी रखी अपनी राय** : यूनीफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर चल रही चर्चाओं पर भी भाजपा नेता ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'हमारी पार्टी राष्ट्रीय स्तर की पार्टी है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 21 से अधिक राज्यों में हमारी सरकारें हैं। उत्तराखंड ने यूसीसी लागू किया है और यह एक महत्वपूर्ण पहल है। हम पहले इसके प्रभाव को देखेंगे, फिर अन्य राज्यों में इसे लागू करने पर विचार किया जाएगा।' उन्होंने आगे कहा कि पार्टी की नीति के अनुसार ही आगे बढ़ना उनकी प्राथमिकता है।

**महाकाल के दर्शन पर बोले - 'समय ही महाकाल है** : जब उनसे उनकी धार्मिक आस्था और महाकाल के दर्शन के अनुभवों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने गहरे आध्यात्मिक विचार साझा किए। उन्होंने कहा, 'हर इंसान के लिए समय सबसे महत्वपूर्ण चीज है। जन्म और मृत्यु दोनों ही समय के अधीन हैं। महाकाल का दर्शन करना केवल मंदिर में जाना नहीं, बल्कि समय का सही सदुपयोग करना ही सच्ची भक्ति है। अगर महाकाल प्रसन्न हैं, तो जीवन अपने आप संतुलित रहेगा।'

अमित शाह का बड़ा बयान

# यूनिफॉर्म सिविल कोड लेकर आएंगे, हमारा कमिटमेंट है

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने टाइम्स नाउ समिट में यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC) को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारतीय जनता पार्टी (BJP) की स्थापना से ही इसका समर्थन करती रही है। शाह ने कहा, 'हमने अनुच्छेद 370 हटाने का वादा किया था, हटा दिया। राम मंदिर बनाने का वादा किया था, बना दिया। अब हमने UCC का वादा किया है, तो यह भी लागू होगा।'

### UCC लागू करने पर क्या बोले शाह?

अमित शाह ने कहा कि UCC को लागू करने की प्रक्रिया धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। उन्होंने उत्तराखंड का उदाहरण देते हुए बताया कि वहाँ एक उच्चस्तरीय कमेटी ने रिपोर्ट सौंप दी है, और अब विभिन्न राज्यों में भी इस पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए UCC कोई नया मुद्दा नहीं है, यह भारतीय संविधान सभा की भावना का हिस्सा था। भारतीय जनता पार्टी इसे अपने एजेंडे में हमेशा रखती आई है।'

### डीलिमिटेशन पर उठते सवाल

डीलिमिटेशन (निर्वाचन क्षेत्र पुनर्निर्धारण) के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए शाह ने डीएमके और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, '2026 में तमिलनाडु में चुनाव है और अब अचानक डीलिमिटेशन का मुद्दा उठाया जा रहा है। जब चुनाव करीब आते हैं, तभी ये मुद्दे क्यों उठते हैं? भारतीय जनता पार्टी की नीति स्पष्ट है—डीलिमिटेशन जब भी होगा, किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।'

### प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट और सुप्रीम कोर्ट

प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए शाह ने कहा, 'यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है और सरकार न्यायालय के फैसले का सम्मान करेगी।' उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संवेदनशील मुद्दे पर अदालत में ही निर्णय होगा।

### जातीय जनगणना पर क्या कहा?

जातीय जनगणना के सवाल पर अमित शाह ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा, '1947 से 2013 तक कांग्रेस सरकारों ने जातीय जनगणना का विरोध किया। अब वे अचानक इसके पक्षधर बन गए हैं। हमारी सरकार टेक्नोलॉजी का उपयोग कर यह तय कर रही है कि किस प्रकार की जनगणना की जा सकती है। जैसे ही प्रक्रिया तय होगी, इसे सार्वजनिक किया जाएगा।'

### मणिपुर हिंसा और राष्ट्रपति शासन

मणिपुर की स्थिति पर गृह मंत्री ने कहा कि वहाँ स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। 'हमने राष्ट्रपति शासन लगाने में कोई देरी नहीं की। यह जातीय हिंसा का मामला था, जिसे सुलझाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। अब वहाँ बाजार और दुकानें खुल चुकी हैं, रेलवे सेवा भी चालू हो चुकी है,' शाह ने कहा।

### राहुल गांधी की नागरिकता पर अमित शाह की प्रतिक्रिया

राहुल गांधी की नागरिकता पर उठे सवालों पर शाह ने कहा, 'इस मामले पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करूँगा। यदि कोई कानूनी प्रक्रिया होती है, तो उसका पालन किया जाएगा। विपक्ष में होने के बावजूद मैं इस मुद्दे पर ओछी राजनीति नहीं करना चाहता।'

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की भूमिका

संघ की भूमिका पर सवाल पूछे जाने पर अमित शाह ने कहा, 'RSS का योगदान नापने का कोई पैमाना नहीं है। उन्होंने देश को करोड़ों देशभक्त नागरिक दिए हैं। संघ ने दो प्रधानमंत्री दिए हैं और देशभक्ति को केंद्र में रखकर राष्ट्र निर्माण किया है।'

### भाजपा का नया अध्यक्ष कब?

भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर अमित शाह ने कहा कि पार्टी के आंतरिक चुनाव समयबद्ध तरीके से हो रहे हैं। 'राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी तय समय पर हो जाएगा। मीडिया में जो अटकलें लगाई जा रही हैं, वे निराधार हैं,' उन्होंने स्पष्ट किया।

### अमित शाह का अनफिनिश्ड एजेंडा

जब उनसे उनके 'अनफिनिश्ड एजेंडा' के बारे में पूछा गया, तो शाह ने कहा, 'मेरा कोई व्यक्तिगत एजेंडा नहीं है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना है। यही मेरा भी एजेंडा है।'

# अमित शाह ने आतंकवाद, विपक्ष और वक्फ बिल पर रखी बेबाक राय

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने टाइम्स नाउ समिट में आतंकवाद, विपक्ष के आरोपों और वक्फ संशोधन विधेयक पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।

### आतंकवाद पर केंद्र की सख्त नीति

अमित शाह ने कहा, 'नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने से पहले, देश के तीन क्षेत्र - नक्सल प्रभावित क्षेत्र, उत्तर-पूर्व और कश्मीर, गंभीर अशांति में थे। लेकिन बीते 10 वर्षों में इन क्षेत्रों में 16,000 से अधिक युवा हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है कि इन क्षेत्रों में स्थायी शांति बहाल की जाए।'

### चुनावी आत्मविश्वास पर बोले शाह

जब उनसे यह पूछा गया कि उनकी पार्टी चुनावों में इतनी आत्मविश्वास से भरी क्यों रहती है, तो उन्होंने स्पष्ट किया, 'जब आप परफॉर्म करते हैं तो स्वाभाविक रूप से आत्मविश्वास आता है कि जनता आपको स्वीकार करेगी। भाजपा सरकार ने बीते 10 वर्षों में केंद्र और राज्यों में परिवर्तन लाने में सफलता हासिल की है। इसलिए हमारा विश्वास मजबूत है कि आने वाले 15-20 साल तक भाजपा की सरकार बनी रहेगी।'

### राहुल गांधी पर तीखा जवाब

राहुल गांधी द्वारा संसद में बोलने न दिए जाने के आरोपों पर शाह ने कहा, 'राहुल गांधी को 42% समय दिया गया था, मगर उन्होंने अपनी पार्टी के निर्धारित समय में नहीं बोला। जब किसी और का वक्तव्य चल रहा होता है, तब खड़े होकर बोलने की मांग करना संसदीय परंपराओं के खिलाफ है। संसद पार्टी का कार्यालय नहीं है, यहाँ नियमों का पालन करना पड़ता है।'



### विपक्ष के 'अघोषित आपातकाल' के आरोपों पर प्रतिक्रिया

जब विपक्ष के 'अनदेखे आपातकाल' के आरोपों पर सवाल किया गया तो गृह मंत्री ने कहा, "अगर वाकई देश में आपातकाल होता, तो वे यह बात बोलते ही जेल में होते। वे बेधड़क अपनी बात कह रहे हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि देश में लोकतंत्र मजबूत है।"

### वक़्फ़ संशोधन विधेयक पर सफाई

वक्फ संशोधन विधेयक पर शाह ने कहा, "2013 में कांग्रेस सरकार ने बिना विस्तृत बहस के वक़्फ़ बिल पारित किया था। उस कानून के तहत, अगर वक्फ बोर्ड कोई निर्णय लेता है, तो उसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। यह कैसे संभव है? हमने केवल इतना बदलाव किया है कि अब ऐसे निर्णय अदालत में चुनौती दिए जा सकते हैं।"

### बिहार में गठबंधन पर भरोसा

बिहार में एनडीए की स्थिति पर शाह ने कहा, "हमारा गठबंधन पूरी तरह से मजबूत है। सभी घटक दलों ने जिला स्तर पर संयुक्त सम्मेलन कर लिया है। बिहार के विकास के लिए मोदी सरकार और नीतीश सरकार ने कई कार्य किए हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि एनडीए राज्य में पहले से भी मजबूत वापसी करेगा।"

# सलमान की फिल्म में लॉजिक की कमी

फिल्म सिकंदर राजकोट के राजा संजय उर्फ सलमान खान की कहानी है, जिन्हें राजकोट की जनता भगवान का दर्जा देती है। फिल्म की शुरुआत में मिनिस्टर के बेटे अर्जुन (प्रतीक बब्बर) को फ्लाइट में एक महिला के बुरा व्यवहार करते दिखाया जाता है। मौके पर मौजूद संजय, अर्जुन का वहीं सबक सिखा देता है। अर्जुन, इस बेइज्जती का बदला लेना चाहता है, जिसके चलते मिनिस्टर के गुंडे संजय के पीछे पड़ जाते हैं। इस बदले की लड़ाई में संजय अपनी पत्नी साईंश्री को खो देता है, जिसका किरदार रश्मिका मंदाना ने निभाया है। साईंश्री मरने से पहले अपना अंगदान करती है, जिससे 3 अलग-अलग लोगों की जान बच जाती है। अब मिनिस्टर के गुंडे उन तीन लोगों की भी तलाश में जिन्हें अंगदान किया गया है, वहीं दूसरी तरफ संजय पत्नी की मौत का बदला लेने और उन तीन लोगों को बचाने के लिए राजकोट से मुंबई पहुंच जाता है। वो तीन लोग कैसे मिलेंगे, मिनिस्टर उनकी तलाश क्यों कर रहा है और संजय उन्हें बचा सकेगा या नहीं, इसी सस्पेंस के साथ फिल्म की कहानी आगे बढ़ती है।

संजय का रोल निभा रहे सलमान खान की एक्टिंग में कोई नयापन नहीं है। फिल्म में सलमान ने एक्शन तो भरपूर किया, लेकिन उनके ह्यूमर और कुछ कॉमेडी डायलॉग्स हंसाने में नाकाम रहे हैं। साथ ही उनके इमोशनल डायलॉग्स भी इमोशनल नहीं नहीं करते हैं। रश्मिका मंदाना ने कम स्क्रीनटाइम होने के बावजूद ठीक-ठाक काम किया है।



कास्टिंग की बात करें, तो शरमन जोशी अपने किरदार में फिट नहीं बैठते हैं। प्रतीक बब्बर, सत्यराज और किशोर कुमार जी भी कई हिस्सों में एक्स्ट्रा एफर्ट लगाए हैं, जो पावरफुल कम और ओवर ड्रामेटिक ज्यादा लगता है। फिल्म के राइटर और डायरेक्टर एआर मुरुगदास की ये फिल्म अब तक की सबसे हल्की फिल्म मानी जा सकती है। कहानी में शुरुआत से आखिर तक प्लॉट में कई खामियां दिखती हैं। स्क्रीनप्ले की गलतियां भी साफ नजर आ रही हैं। फिल्म के कई सीन ऐसे हैं, जिन्हें सिर्फ फिलर और समय बढ़ाने के लिए डाला गया है। उनके बिना भी फिल्म बनती तो कहानी में कोई खास फर्क नहीं पड़ता। फिल्म में इमोशन्स और लॉजिक की कमी के चलते दर्शक फिल्म के कनेक्ट नहीं कर पाएंगे।

# तमिलनाडु में एनडीए सरकार बनाने का दावा, डीएमके पर भ्रष्टाचार के आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने टाइम्स नाउ समिट में आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि एआईएडीएमके के साथ गठबंधन को लेकर चर्चाएं चल रही हैं और जल्द ही इसका ऐलान किया जाएगा।

### डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा

'तमिलनाडु कभी देश का सबसे विकसित और प्रगतिशील राज्य था, लेकिन डीएमके सरकार की नीतियों ने उसे अव्यवस्था की ओर धकेल दिया है। भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के कारण उद्योग और युवा वर्ग राज्य से बाहर जा रहे हैं। जनता इस सरकार से तंग आ चुकी है और मुझे पूरा विश्वास है कि तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनेगी।' शाह ने अपने हालिया प्रवास का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य के चार जिलों का दौरा किया है और वहां जनता में डीएमके के खिलाफ गुस्सा साफ दिख रहा है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर डीएमके सरकार को घेरा तमिलनाडु सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति (NEP) को लागू करने से इनकार करने पर शाह ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'तमिलनाडु में मेडिकल और इंजीनियरिंग की शिक्षा तमिल भाषा में क्यों नहीं दी जाती? हमने तकनीकी और मेडिकल शिक्षा को मातृभाषा में पढ़ाने की छूट दी है, लेकिन डीएमके सरकार इसे लागू नहीं कर रही है। तमिल भाषा के खिलाफ अगर कोई है, तो वह डीएमके सरकार है, जिसने शिक्षा में तमिल को बढ़ावा देने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए इसे मुद्दा बनाया।'

### कश्मीर में धारा 370 के बाद बड़ा बदलाव

अमित शाह ने कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद के हालात पर भी बात की। उन्होंने कहा कि 40 साल बाद कश्मीर में पहला ऐसा चुनाव हुआ, जिसमें न तो कोई हिंसा हुई, न ही कोई रिपोलिंग हुई। 'पहली बार 60% से अधिक मतदान हुआ। यह दिखाता है कि कश्मीर में अलगाववाद अब इतिहास बन चुका है और लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अपना रहे हैं।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य का दर्जा (स्टेटहुड) बहाल करने पर सरकार सभी पहलुओं का मूल्यांकन करके निर्णय लेगी।

### इलेक्शन कमिशनर की नियुक्ति पर कांग्रेस के आरोप खारिज

चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव को लेकर विपक्ष के आरोपों पर अमित शाह ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, "कांग्रेस के शासनकाल में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री के हस्ताक्षर से होती थी। हमने पारदर्शी प्रणाली लागू की है, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष और एक केंद्रीय मंत्री की कमेटी यह चयन करती है।" उन्होंने विपक्ष के इस तर्क को भी खारिज किया कि दो सदस्य सरकार के होंगे और इससे पारदर्शिता प्रभावित होगी। "जब कोई व्यक्ति संवैधानिक पद की शपथ लेता है, तो वह तटस्थता से काम करता है। विपक्ष बेवजह गलत धारणा फैलाने की कोशिश कर रहा है।"

### सुप्रीम कोर्ट में जजों की बातचीत लीक होने पर प्रतिक्रिया

सुप्रीम कोर्ट में जजों के बीच हुई बातचीत के लीक होने और उसमें कथित तौर पर पैसे मिलने के मामले पर शाह ने कहा, "इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जांच कमेटी बनाई है। हमें उसी की रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए।"

## न्यूज कॉलम

### सुसाइड नोट लिखकर सीएसईबी कर्मी हुआ लापता, महिलाकर्मी पर आरोप

**कोरबा।** सीएसईबी कर्मी गोपाल दास बीते 24 घंटे से लापता है. गायब होने से पहले सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें विभाग में ही काम करने वाली दो महिला कर्मियों का नाम लिखकर उन्हें अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है. अब परिजन के साथ पुलिसकर्मी कर्मचारी की तलाश में जुटे हैं.33 वर्षीय गोपाल दास ने अपने सुसाइड नोट में शिफ्ट इंचार्ज मैडम लीना और रश्मि उसेंडी का जिक्र करते हुए कहा कि मेरी मौत के जवाबदार केवल और केवल दो महिला कर्मचारी होंगे. कर्मचारी ने लापता होने से पहले इस सुसाइड नोट को अपने परिजनों और स्टाफ कर्मियों को व्हाट्सएप किया था. जिस्के बाद परिजनों के संपर्क करने पर मोबाइल बंद बता रहा है.अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने गांव से पहुंचे सीएसईबी चौकी पुलिस के पास शिकायत कर लापता युवक की तलाश और कार्रवाई करने की कही बात है. तलाश में जुटे परिजन और पुलिस को अब तक युवक का कुछ पता नहीं चला है।

### महिला ने 4 शादियां कर पतियों को किया ब्लैकमेल

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लुटेरी दुल्हन का मामला सामने आया है. यहां रहनेवाली एक महिला ने एक के बाद एक 4 शादियां की और सभी शादियों में वह अपने पतियों को झूठे केस की धमकी देकर रकम लूटते रही. उसके नए शिकार बने पति ने प्रताड़ित होकर आज मामले की शिकायत मुजगहन पुलिस थाने में की है.जानकारी के अनुसार, आरोपी महिला पूजा ने अपने पति डाकेश्वर देवांगन से बैंक के लॉकर में रखे जेवरात निकालकर अपनी मां गायत्री को दे दिए. इसके बाद उसने पैसों की लगातार मांग शुरू कर दी और पैसे न देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी. जब डाकेश्वर को अपनी पत्नी पूजा की सच्चाई का पता चला, तो उसने कोर्ट में परिवाद दायर किया. कोर्ट के आदेश पर मुजगहन थाना में महिला और उसकी मां के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. मुजगहन पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

### अवैध खदान से कोयला निकाल रहे दो ग्रामीण दबे

**मनेंद्रगढ़।** अवैध खदान से कोयला निकालते समय मिट्टी के धसने से दो ग्रामीणों की मौत हो गई. इस बात की जानकारी पांच दिन बाद पता चली, जिसके बाद रविवार सुबह से शवों को निकालने के लिए पुलिस खुदाई करवा रही हैघटना मनेन्द्रगढ़ से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत घुटरा की है. पास से बहने वाली धनोटी नदी से बीते कई वर्षों से अवैध खदान से कोयला निकाला जा रहा है. 25 मार्च को फाटपानी निवासी इंद्रपाल अगरिया (20 वर्ष) और राजेश अगरिया कोयला निकालने गए थे, इस दौरान मिट्टी धसने से दोनों दब गए.चार दिन बाद जब दोनों घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरूआत की. पांचवें दिन जब अवैध खनन स्थल पहुंचे, तब चप्पल और टिफिन देखकर दबने का शक हुआ. परिजनों ने रात्रि में ही कोतवाली में सूचना दी. रविवार सुबह से पुलिस की मौजूदगी शव निकालने का खुदाई जारी है. बता दें कि बीते कई सालों से माफियाओं द्वारा ग्रामीणों को चंद पैसों की लालच में कोयला खनन कर मोटी रकम कमा रहे हैं. जिन ग्रामीणों की दबने से मौत हुई है, बताया जा रहा है कि उन्हें सत्ताधारी दल का नेता ही कोयला खोदने के काम में लगाया था. अब पुलिस मामले में आगे क्या कार्रवाई करती है, इस पर लोगों की निगाहें लगी हुई है.

# कौन हैं माता बिलासा देवी? जिनका स्मृति चिन्ह सीएम साय ने पीएम मोदी को किया भेंट

**संवाददाता ● बिलासपुर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिलासपुर में मोहभट्टा में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनको बिलासा देवी केवट की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किया. यह विशेष उपहार छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, महिला सशक्तिकरण और केवट समुदाय की ऐतिहासिक भूमिका का प्रतीक है, जो प्रधानमंत्री की नारी शक्ति और राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना के अनुरूप है. केवट समुदाय से जुड़ी बिलासा देवी पर बिलासपुर का नामकरण हुआ है. उनके साहस, परिश्रम और नेतृत्व ने जनमानस में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

केवट समाज भारतीय संस्कृति और इतिहास में जलमार्ग परिवहन और व्यापार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है. भगवान श्रीराम के जीवन में भी केवट समुदाय की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जब एक केवट ने उन्हें गंगा पार कराने में सहायता की. यह समुदाय मेहनत, ईमानदारी और सेवा भाव का प्रतीक हैबिलासा देवी ने अपने कौशल और परिश्रम से यह सिद्ध किया कि महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं. आज के समय में महिलाएँ शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, उद्यमिता और रक्षा जैसे क्षेत्रों में देश को नई ऊँचाइयों तक ले जा रही हैं. यह मोमेंटो महिलाओं की शक्ति, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है.मोदी सरकार में ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व की भावना को साकार करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, महिला स्वयं सहायता समूह और नारी शक्ति मिशन ने महिलाओं के विकास को नया आयाम दिया है.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर भेंट किया गया यह मोमेंटो नारी सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को दशार्ता है और भारतीय संस्कृति में महिलाओं के गौरवशाली इतिहास को सम्मानित करता है.

# छत्तीसगढ़ के 2 लाख घरों के किचन में पाइप लाइन से मिलेगी कुकिंग गैसः पीएम मोदी



**संवाददाता ● रायपुर**

आने वाले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ के 2 लाख घरों के किचन में पाइप लाइन से सीधी कुकिंग गैस मिलेगी. 2 लाख घरों तक सीधी गैस पाइप लाइन से गैस पहुंचाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है. बिलासपुर में आम सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ये आश्वासन दिया है. क्या आप जानते है इसके क्या फायदे होंगे ? यदि नहीं तो चलिए आपको बताते है, कैसे आपके घर में आएगी सीधी गैस पाइप लाइनछत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली बार घरों तक पाइपलाइन के जरिए कुकिंग गैस की सप्लाई शुरू होने वाली है।

इस सुविधा के तहत हर घर में मीटर लगाया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को उतनी ही कीमत चुकानी होगी, जितनी गैस वे इस्तेमाल करेंगे. यह गैस एलपीजी से सस्ती होगी, जिससे लोगों को आर्थिक रूप से भी फायदा होगा. 1 लाख घरों में इसी तैयारी पूरी कर ली गई है और पीएम मोदी ने अपने भाषण में इसे 2 लाख घरों तक पहुंचाने के लक्ष्य के बारे में बताया है.

गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट को 2025 में शुरू किया जाएगा और पहले चरण में 1 लाख घरों को इसका लाभ मिलेगा। पाइपलाइन सीधे घरों में चूल्हों से जोड़ी जाएगी, जिससे कुकिंग गैस की सप्लाई सुनिश्चित होगी। इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए गेल इंडिया लिमिटेड और हरियाणा गैस एजेंसी के अधिकारियों ने कुछ महीने पहले ही मीटिंग भी की थी।

इस प्रोजेक्ट के तहत गाड़ियों के लिए उठञ्ज स्टेशन भी बनाए जाएंगे, जिससे सीएनजी वाहनों की सुविधा बढ़ेगी। रायपुर के अलावा, इस पाइपलाइन को आगे अन्य शहरों तक भी बढ़ाया जाएगा।एलपीजी से 25-30% तक सस्ती नेचुरल गैस होने के कारण सुरक्षित झ्र हवा से हल्की होती है, जिससे लीकेज की स्थिति में यह जल्दी घुल जाती है 99% जलने की क्षमता झ्र प्रदूषण न के बराबर पाइपलाइन से सीधी सप्लाई झ्र गैस खत्म होने की चिंता नहीं मीटर की सुविधा -जितनी खपत, उतना ही बिल।

### 10 करोड़ की कर चोरी में भिलाई का कारोबारी गिरफ्तार

**रायपुर। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग ने 10 करोड़ 38 लाख 83 हजार 84 रुपए की कर चोरी के आरोप में मेसर्स ओविया ट्रेडर्स नामक फर्म की संचालिका के पति विनय कुमार टंडन को भिलाई से गिरफ्तार किया है. आरोपी को बिना माल या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी चालान के माध्यम से धोखाधड़ी से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाते हुए और उसे पास करते हुए पाया गया, जिससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान हुआ. विश्वसनीय खुफिया जानकारी और डेटा एनालिटिक्स के आधार पर सीजीएसटी रायपुर प्रधान आयुक्त राकेश गोयल के नेतृत्व में अधिकारियों ने एक विस्तृत जांच की, जिसमें आपूर्तिकताओं के बैंक स्टेटमेंट और करदाता के ई-वे बिल डेटा और अन्य वित्तीय लेन-देन की जांच करने के बाद पाया कि आरोपी फर्जी बिल के आधार पर फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने और उसे पास करने में लिप्त था.**

# देश में इतिहास बनकर रह जाएगा नक्सलवाद

## बस्तर में 50 नक्सलियों के सरेंडर पर बोले अमित शाह



**संवाददाता ● बीजापुर**

50 नक्सलियों ने सरेंडर किया. इसकी जानकारी देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने प्रतिक्रिया दी है. गृहमंत्री अमित शाह (अ‍े३ रैं) ने 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद केवल इतिहास बनकर रह जाएगा, यह हमारा संकल्प है. उन्होंने कहा ह्यमैं हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का स्वागत करता हूं. छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को लगातार बड़ी कामयाबी मिल रही रही है. शनिवार (29 मार्च) को हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 17 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया था. इस बीच रविवार को बीजापुर में 50 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसर्मपण किया हैं. 3 बच्चों की मां ने बॉयफ्रेंड से मंगाया मुर्गा, लिव-इन पार्टनर पूरी नहीं कर पाया ह्यचिकन डिनरह्व की डिमांड, महिला ने उठाया ये खौफनाक कदम

बस्तर के बीजापुर में 50 नक्सलियों के सरेंडर की जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया. हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूं. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 50 नक्सलियों में से 14 पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम घोषित था.

आपको बता दें कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर का दौरा किया. छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रधानमंत्री ने 33,700 करोड़ रुपये की विकासमूलक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. पीएम मोदी के दौरे से पहले 50 माओवादियों ने अपनी विद्रोही गतिविधियों को त्याग दिया है और समाज में फिर से शामिल होने का फैसला किया है.केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चल रहे नक्सल विरोधी अभियान और लोन वराटू (घर वापस आओ) अभियान की एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है. यह अभियान क्षेत्र में माओवाद के खिलाफ चल रहे अथक अभियान में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ता है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि अगले साल तक देश नक्सल मुक्त हो जाएगा.

# सिर से लेकर पांव तक इनके शरीर में लिखा होता है राम नाम- पीएम मोदी ने भी इन्हें याद किया

**संवाददाता ● रायपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर आज छत्तीसगढ़ आए है. वे बिलासपुर के मोहभट्टा में आम सभा को संबोधित कर रहे है. इस सभा में पीएम मोदी ने उस समाज को भी याद किया जिनके पूरे शरीर में यानी सिर से लेकर पांव तक राम नाम लिखा होता है. तो चलिए आपको बताते है ये रामनामी समाज कौन है और ये ऐसे क्यों करते है.छत्तीसगढ़ में एक विशेष समुदाय है जिसे रामनामी समाज के नाम से जाना जाता है।

यह समुदाय भगवान राम के प्रति अटूट भक्ति के लिए प्रसिद्ध है. माना जाता है कि इस संप्रदाय की स्थापना परशुराम ने की थी. रामनामी समाज के लोग भगवान राम को ही अपना सब कुछ मानते हैं, और उनकी आराधना ही इनके जीवन का मुख्य उद्देश्य है.इस समुदाय की सबसे अनोखी पहचान यह है कि वे अपने पूरे शरीर पर ह्यरामह्व नाम का टैटू गुदवाते हैं. यह सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि भगवान राम के प्रति गहरी आस्था और निष्ठा का प्रतीक है. इनके शरीर पर अंकित हर अक्षर राम के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा को दशार्ता है।



**लाखों की संख्या में फैला समुदाय**

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा और आसपास के क्षेत्रों में रामनामी समाज के लाखों अनुयायी रहते हैं. यहां के हर रामनामी व्यक्ति के लिए राम का नाम ही सबसे बड़ा आभूषण है. वे सिर से लेकर पांव तक अपने शरीर को ह्यरामह्व नाम से अंकित कराते हैं, जिससे उनका राम प्रेम साफ झलकता है.

# प्लाइवुड फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंची दमकल वाहन

**रायपुर.** राजधानी रायपुर के उरला इंडस्ट्रियल क्षेत्र स्थित एक प्लाइवुड फैक्ट्री में रविवार देर शाम भीषण आग लग गई. घटना के कारण इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना के बाद दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने में जुट गई है.जानकारी के मुताबिक, उरला थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमसरिया प्लाइवुड कंपनी की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई. आग लगने के कारण फैक्ट्री से उठ रहे धुंए की लपटें दूर तक देखी जा सकती है. फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. मौके पर दमकल की चार वाहन आग बुझानें में जुटी है.



### सीएम साय से मिले केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, साथ बैठकर सुनी मन की बात

रायपुर। केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर आज एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे. इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की. सीएम साय और केंद्रीय मंत्री खट्टर ने साथ बैठकर मन की बात कार्यक्रम का 120वां संस्करण को सुना.मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को शॉल और प्रतीक चिन्ह नंदी भेंटकर अभिनंदन किया. इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव उपस्थित थे.

# छत्तीसगढ़ के एक घर में हुआ सिलेंडर ब्लॉस्ट, धमाके से उड़ गई घर की छत

**संवाददाता ● सरगुजा**

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में एक मकान में देर रात गैस सिलेंडर ब्लॉस्ट से हड़कंप मच गया. पुलिस ने जब इस पूरे मामले की पड़ताल की, तो एक चौंकाने वाली बात सामने आई है. पुलिस ने दावा किया है कि ये ब्लॉस्ट घर मालिक की एक छोटी से लापरवाही का नतीजा है. दावा किया जा रहा है कि घर मालिक अपने ही घर में मोमबत्ती जलाकर घर से बाहर टहलने चला गया और जब घर पहुंचा तब तक घर का पूरा नक्सा बदल चुका था और यहां सिलेंडर ब्लॉस्ट से घर पूरी तरह से तहस-नहस हो गया था.जानकारी के मुताबिक, पूरी घटना जोड़ा पिपल महाराज





गली स्थित एक घर की है. यहां घर मालिक नंदलाल बीती रात मोमबत्ती जलाकर बाहर टहलने के लिए निकल गया. इस दौरान मोमबत्ती से बोरे में आग लगी और यह गैस सिलेंडर तक जा पहुंची. इसके बाद सिलेंडर फटने से तेज धमाका हुआ और आग लग गई. घटना की सूचना के बाद दमकल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई.हालांकि पुलिस अब भी पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और घर मालिक से विस्तृत पूछताछ कर रही है. पुलिस का कहना है कि इस हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है, अच्छी बात ये थी कि हादसे के वक्त घर में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था.

## एओनाच मोर के शिखर से माउंटेन बाइक रेस



फोर्ट विलियम, यूके
लोग स्कॉटलैंड में एओनाच मोर के शिखर से माउंटेन बाइक रेस मैकएवलांच में भाग लेते हैं

### शॉट न्यूज

## म्यांमार और थाईलैंड के बाद टोंगा में जोरदार भूकंप

**नई दिल्ली।** म्यांमार और थाईलैंड में भारी तबाही के बाद रविवार को टोंगा के पास भी जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7।1 मापी गई है। हालांकि, भूकंप से अभी तक किसी प्रकार की हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। साथ ही भूकंप के बाद प्रशांत द्वीपीय देश के लिए सुनामी की चेतावनी दी जारी की गई है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सोमवार तड़के मुख्य द्वीप से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) उत्तर-पूर्व में आया। प्रशांत महासागर सुनामी चेतावनी केंद्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर (185 मील) के अंदर स्थित तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। हालांकि, भूकंप से नुकसान की कोई रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध नहीं थी।

## हिसार के वैज्ञानिक विकास धामू पेरिस में पुरस्कृत

**हिसार सिटी।** हिसार के गांव सीसवाल के विकास धामू को फ्रांस की राजधानी पेरिस में प्रतिष्ठित 'इंफ्लेक्शन अवॉर्ड-2025' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स द्वारा स्थापित ब्रेकथ्रो एनर्जी फैलोज और क्वाड्रेचर क्लाइमेट फाउंडेशन के समर्थन से मार्बल द्वारा दिया जाता है। इंफ्लेक्शन दुनिया का पहला ऐसा पुरस्कार कार्यक्रम है, जो जलवायु परिवर्तन से जुड़े समाधानों पर काम कर रहे युवा वैज्ञानिकों को पहचानता है। विकास को दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एमआईटी, ऑक्सफोर्ड और स्टैनफोर्ड से आए सैकड़ों आवेदकों में से चुना गया है।

## ईरान का अमेरिका से सीधा समझौता करने से इनकार

**नई दिल्ली।** ईरानी राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि वह अमेरिका के साथ सीधे तौर पर कोई समझौता नहीं करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान केतेजी से बढ़ते न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर चिंता जताते हुए ईरानी राष्ट्रपति के नाम एक पत्र लिखा था। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान की टिप्पणी से पहली बार आधिकारिक रूप से इस बात की पुष्टि हुई कि ईरान ने डोनाल्ड ट्रम्प के पत्र का जवाब दिया। इससे यह भी संकेत मिलता है कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच तनाव और बढ़ सकता है। पजशकियान ने कहा कि दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत की संभावना को हमने खारिज कर दिया गया है, लेकिन साफ नहीं है कि ट्रम्प अप्रत्यक्ष वार्ता करने के लिए राजी होंगे या नहीं।

### कटक में बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस डिरेल

# 11 कोच पटरी से उतरे, 1 की मौत

**एजेंसी ● भुवनेश्वर**



ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12551) के 11 AC कोच पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई जबकि 8 अन्य घायल हैं। मेडिकल और इमरजेंसी टीम मौके पर मौजूद है।

कटक के DM दत्तात्रेय शिंदे ने मौत की पुष्टि की है। घायलों को श्रीराम चंद्र भंज मेडिकल कॉलेज (SCBMCH) रेफर किया गया है। इनकी हालत स्थिर है। भीषण गर्मी के कारण दुर्घटना के बाद कुछ यात्री बीमार भी पड़ गए। घटनास्थल पर ही हेल्थ कैंप में उनका इलाज किया गया। हादसा सुबह 11:54 बजे मंगुली पैसेंजर हॉल्ट से लगे निरगुंडी स्टेशन के पास हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि हादसे की वजह से तीन ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को कामाख्या पहुंचाने के लिए विशेष ट्रेन शाम 5:05 बजे घटनास्थल से रवाना हो चुकी है। ओडिशा फायर सर्विस के एक अधिकारी ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है। इससे पहले ईस्ट कोस्ट रेलवे के CPRO अशोक कुमार मिश्रा ने बताया था- बेंगलुरु से असम के गुवाहाटी स्थित कामाख्या जा रही ट्रेन 12 बजे के आसपास दुर्घटनाग्रस्त हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

**हादसा**

**रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा :** SCBMCH अस्पताल के अधिकारी सुभाष चंद्र रे ने कहा, 'ट्रेन हादसे में एक पुरुष की जान गई है। 8 घायलों में 3 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं।' दुर्घटना के बाद NDRF के साथ रेलवे की सहायता करने वाले ओडिशा फायर सर्विस के एक अधिकारी ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है।

**53 घंटे में 3 हजार Km का सफर :** बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस बेंगलुरु से 8:58 बजे सुबह निकलती है। यह तीसरे दिन दोपहर 1:45 बजे गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन पहुंचती है। यानी कुल 52 घंटे 55 मिनट में 3 हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी करती है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना हावड़ा-चेन्नई डाउन लाइन पर हुई है। यह रूट काफी महत्वपूर्ण हैं। रूट पर आवागमन शुरू करने के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अप लाइन शुरू कर दी गई है।

### 3 गाड़ियों को करना पड़ा डायवर्ट

दुर्घटना की वजह से तीन ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। इनमें धौली एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस शामिल हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दुर्घटना पर चिंता व्यक्त की और कहा, 'अधिकारी घटनास्थल पर हैं, सहायता सुनिश्चित कर रहे हैं और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल कर रहे हैं। सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी की गई है।

**असम के दो लोग घायल :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि दुर्घटना में उनके राज्य के दो लोग घायल हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है।

## म्यांमार में फिर 5.1 तीव्रता का भूंकप

**एजेंसी ● नेपीदा**



म्यांमार में रविवार दोपहर 2:30 बजे करीब एक बार फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह बीते 3 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले 4 भूकंप आए हैं। भूकंप का केंद्र म्यांमार के मांडले से लगभग 17 मील (27 KM) उत्तर में था। शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप था। CNN ने एक जियोलॉजिस्ट के हवाले से बताया है कि इस भूकंप का असर 334 एटॉमिक बम में ब्लास्ट के बराबर था।

**तबाही**

न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक शनिवार तक मरने वालों का आंकड़ा 1644 हो चुका है, जबकि 3,408 से ज्यादा लोग घायल हुए और 139 लोग लापता हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई। इसमें 17 लोगों की मौत हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) ने जताई। इस भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाज INS सतपुड़ा और INS सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन रिलीफ सामग्री म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से म्यांमार के मांडले शहर पहुंची। इससे पहले ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत ही भारत ने मदद के लिए 15 टन राहत सामग्री में टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, खाने के लिए तैयार भोजन, वाटर प्यूरीफायर, सोलर लैंप, जनरेटर सेट और आवश्यक दवाएं भेजी।

**रेस्क्यू में दिक्कत :** भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में मुश्किल आ रही है। कई मेडिकल इक्विपमेंट जैसे ट्रॉमा किट, ब्लड बैग, एनेस्थेटिक्स और जरूरी दवाओं के ट्रांसपोर्ट में बाधा हो रही है। यूरोपीय यूनियन (EU) ने इमरजेंसी सहायता के दौर पर 2.7 मिलियन डॉलर (23 करोड़ रुपए) की मदद म्यांमार भेजी है।

## लैंडस्लाइड में 4 कारें दबीं, 6 की मौत

**एजेंसी ● पतलीकूहल (कुल्लू)**



हिमाचल प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थल मणिकर्ण में गुरुद्वारे के पास रविवार शाम करीब 4 बजे पहाड़ी से लैंडस्लाइड हो गया। ये लैंडस्लाइड तेज तूफान के कारण भारी भरकम पेड़ के गिरने से हुआ। पेड़ सड़क पर पहले से ही खड़ी करीब 5-6 गाड़ियों के ऊपर गिरा। जिससे 6 लोगों की मौत हो गई, इनमें 3 टूरिस्ट थे।

इसके अलावा 4 से 5 लोग मलबे में दब गए थे, प्रशासन और पुलिस ने फौरन रेस्क्यू कर इन्हें बाहर निकाला और स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से गंभीर रूप से घायलों को कुल्लू रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लैंडस्लाइड के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस पूरे मामले पर हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने गहरा दुख प्रकट किया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 6 लोगों के शव निकाल लिए हैं। जानकारी के अनुसार मृतकों में 1 ढाबा संचालक, 3 टूरिस्ट और एक ग्रामीण शामिल है। दरअसल, जिस जगह पर यह हादसा हुआ है वहां पर छोटा सा बाजार है, यहां कुछ लोग खरीदारी कर रहे थे और कुछ लोग अपनी गाड़ियों में बैठे हुए थे। तभी अचानक तूफान आया और एक बड़ा चीड़ का पेड़ गिर गया। यह पेड़ अंदर से खोखला हो चुका था। हालांकि, पेड़ की जड़े इतनी फैली हुईं थी की वो अपने साथ पहाड़ी से मलबा भी साथ लेकर गिरा। लैंडस्लाइड के बाद कुल्लू को मणिकर्ण से जोड़ने वाली सड़क बंद हो गई थी।

## पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट : जेलेंस्की ने कहा था- जल्द होगी मौत

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी FSB के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार के इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई। हालांकि जिस वक्त ये हादसा हुआ, उस वक्त ये कार पुतिन के काफिले में शामिल नहीं थी और न ही पुतिन इस कार के आसपास थे।

अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। घटना के बाद पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई हैं। 26 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया था कि जल्द पुतिन की मौत होगी। राष्ट्रपति पुतिन अक्सर इस लिमोजिन कार का इस्तेमाल करते रहते हैं। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को भी पिछले साल एक लग्जरी लिमोजिन कार गिफ्ट की थी। इसे रूस में बनाया जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस गाड़ी की कीमत 3.4 करोड़ रुपए है।

जेलेंस्की ने कहा था- पुतिन की मौत के बाद सब ठीक होगा : यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की ने 26 मार्च को पेरिस में एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि जल्द ही पुतिन की मौत हो जाएगी और फिर सब कुछ (यूक्रेन जंग) खत्म हो जाएगा। यह एक फैक्ट है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा- पुतिन जिंदगी भर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षाएं यूक्रेन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका पश्चिमी देशों से भी सीधा टकराव हो सकता है। पुतिन के बॉडीगार्ड को 35 साल की उम्र के बाद रिटायर कर दिया जाता है।

### फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास की 5 इजराइली बंधकों को रिहा करने पर सहमति

# गाजा में फिर युद्धविराम को तैयार हमास

**एजेंसी ● गाजा**



फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने शनिवार को 50 दिन के युद्ध विराम के बदले 5 इजराइली बंधकों को रिहा करने पर सहमति दी है। रॉयटर्स के अनुसार, हमास के प्रमुख खलील अल-हय्या ने कहा कि वो ईद के दिन 5 बंधकों को रिहा कर सकते हैं। हमास को यह प्रस्ताव मिस्र और कतर की तरफ से दो दिन पहले मिला था। हमास ने एक इजराइली बंधक का वीडियो भी जारी किया है जिसमें वह अपनी रिहाई की अपील कर रहा है।

**रिहाई**

दूसरी तरफ इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि हमास नेताओं को सरेंडर करने पर गाजा छोड़ने की इजाजत दी जाएगी। इससे पहले इजराइल ने हमास के प्रस्ताव के जवाब में एक प्रस्ताव दिया था। दोनों पक्षों के बीच 19 जनवरी को कतर में युद्ध विराम हुआ था, लेकिन 18 मार्च को गाजा में इजराइली एयरस्ट्राइक के बाद यह खत्म हो गया। खलील अल-हय्या ने एक भाषण में कहा कि दो दिन पहले हमें मिस्र और कतर की तरफ से एक प्रस्ताव मिला था। हमने इसे सकारात्मक रूप से लिया और स्वीकार कर लिया। बदले में इजराइल को सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना होगा। हमें उम्मीद है कि इजराइल इस प्रस्ताव को कमजोर नहीं करेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल अभी भी हमास की कैद में जीवित 24 बंधकों में से 10 की रिहाई पर जोर दे रहा है। इजराइल का मानना है कि अभी 58 बंधक हमास की कैद में हैं, जिनमें से 34 की मौत हो चुकी है। खलील ने कहा कि जब तक इजराइल गाजा पर कब्जा करना बंद नहीं करेगा तब तक हमास अपने हथियार नहीं रखेगा।

25 मार्च के आंकड़ों के मुताबिक इजराइल-हमास जंग में अब तक 50 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 1 लाख 13 हजार से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। इजराइल-हमास के बीच दिसंबर में सीजफायर शुरू हुआ था। यह जनवरी में खत्म हो गया। इसके बाद एक बार फिर से इजराइल ने गाजा पर हमले शुरू कर दिए हैं। सीजफायर के बाद शुरू हुए हमले में अब तक 673 लोगों की मौत हुई है।

दोनों पक्षों के संघर्ष के बीज अब गाजा में भी हमार विरोधी स्वर सुनाई दे रहे हैं। गाजा में मंगलवार को 3 जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। लोगों ने हमास को आतंकी संगठन कहा और सत्ता छोड़ने की मांग की। दरअसल यहां के लोग इजराइल-हमास जंग से परेशान हो चुके हैं।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)